बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 216 | मंगलवार 26 नवंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

# साधू संतो का अभियान ही अब करेगा देश में नव चेतना का जागरण

**महोबा (एजेंसी)**। हिन्दुओं की एकता के लिए बागेश्वर धाम से ओरछा की पदयात्रा पर निकले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने आज कहा की भारत वर्ष में हिन्दुओ को जाति के आधार पर बांटने वालों की कुत्सित मानसिकता के खिलाफ साधू संतो का अभियान देश में परिवर्तन की नई चेतना का जागरण करेगा.यह अभियान एक सौ पचास करोड़ लोगो को एक सूत्र में बाँधने की कवायद के साथ इस देश को आपस में जोड़ने का मंत्र भी है.

सोमवार को उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अशोक नगर में प्रवेश पर हजारों लोगो की भीड़ के साथ यात्रा पर पहुंचे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा की उनकी सनातानी हिन्दू यात्रा को लेकर तरह -तरह की बाते लोगो द्वारा भले की जा रही है लेकिन यह सही नहीं है. यह यात्रा तमाम जातियों में बंटे हिंदू को एक मंच पर लाने की कवायद है.जिन्हे विभाजित करके कतिपय



लोगो द्वारा लाभ लिया जा रहा है. कुछेक राजनैतिक दल इस दिशा में बीते कई सालो से अपनी योजना को अंजाम दे रहे है. लेकिन उन्हें सफलता नही मिल रही है जिससे वह बैचेन है.

धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कहा की बागेश्वर धाम से 21 नवम्बर को शुरू होकर 29 नवम्बर को सम्पन्न होने वाली सनातानी हिन्दू यात्रा एक प्रयोग है. जल्द ही पूरे देश में साधू संतो द्वारा इस प्रकार की अन्य कई यात्राएं निकाल कर हिन्दू को एकजुट करने का कार्य किया जाएगा. देश में सनातन बोर्ड की स्थापना की लड़ाई का क्रम जारी रहेगा. पचास हज़ार से ऊपर भीड़ के साथ चल रहे धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने पर महोबा जिले के अशोक नगर में भारी संख्या में समर्थको ने जोरदार तरीके से स्वागत किया. मध्य प्रदेश पुलिस ने भी इस दौरान उनकी सुरक्षा ब्यवस्था को उत्तर प्रदेश पुलिस को हेंड ओवर किया.

पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के साथ यात्रा में सुप्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्धराचार्य और अयोध्या की हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास आज मौजूद रहे. धीरेन्द्र शास्त्री ने सवालों के जवाब में यूपी के सम्भल में हुये उपद्रव पर क़ानून तोड़ने वालों के खिलाफ विधिक कार्यवाही और आर एस एस सुप्रीमो मोहन भागवत के बयान की हिन्दुओ को सभी मस्जिदों के भीतर शिव लिंग न देखने की बात पर उनकी निजी टिप्पणी करार देते हुये कुछ भी कहने से इंकार किया.

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं.:-9911733939





## [सुविचार]

जो बाहर की सुनता है वो बिखर जाता है, जो भीतर की सुनता है वो संवर जाता है !!

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा के बेरहामपुर में पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी

बेरहामपुर। ओडिशा के गंजाम जिले में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कांस्य प्रतिमा स्थापित होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसकी जानकारी दी। भाजपा विधायक अनिल कुमार ने बेरहामपुर के रामलिंगम पार्क में परियोजना की आधारशिला रखी। प्रतिमा की कुल ऊंचाई 17 फुट होगी, जबकि इसका आधार 6.5 फुट होगा। कुमार ने कहा कि प्रतिमा के लिए करीब 20 लाख रुपये की जरूरत होगी और इस उनके स्थानीय क्षेत्र विकास (एलएडी) कोष से खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा, हम 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती पर प्रतिमा का अनावरण करने की योजना बना रहे हैं।

### गूगल मैप के सहारे अधूरे फ्लाईओवर पर दौड़ा दी कार, नदी में गिरने से तीन लोगों की मौत

बरेली। वर्तमान में यहां फिर कभी भी तकनीक पर विश्वास करना ठीक है, लेकिन अति विश्वास करना ठीक नहीं हैं। इसी अति विश्वास का शिकार बरेली में तीन लोग हो गए। दरअसल बरेली जिले में दुखद घटना घटी, जहां एक अधूरे फ्लाईओवर से एक कार गहरी खाई में गिर गई, इसमें तीन लोगों की मौत हुई। यह घटना शनिवार को हुई, जब दो व्यक्ति, विवेक और अमित और अन्य, गुरुग्राम से शादी के लिए बरेली जा रहे थे। वे दिशा-निर्देशों के लिए गूगल मैप्स का उपयोग कर रहे थे, जो अधूरे फ्लाईओवर से होकर दूरी तक पहुँचने का सबसे तेज मार्ग दिखा रहा था। पुलिस ने बताया कि बरेली जिले में तीन लोगों की मौत हुई, जब गूगल मैप पर उनकी कार गलत तरीके से निर्माणाधीन पुल पर ले गई और कार नदी में गिर गई। पीड़ितों में से दो की पहचान विवेक और अमित के रूप में हुई, जिन्होंने गुरुग्राम से अपनी यात्रा शुरू की और एक शादी में शामिल होने के लिए बरेली जा रहे थे। वे लोग समारोह स्थल तक पहुँचने के लिए गूगल मैप्स पर निर्भर थे, तभी उनका जीपीएस उन्हें अधूरे फ्लाईओवर पर ले गया। लोगों ने अगली सुबह क्षतिग्रस्त कार और तीनों लोगों को मृत पाया। उन्होंने पुलिस को सूचित किया, जो घटनास्थल पर पहुँची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। पुलिस ने बताया, आज सुबह 9:30 बजे रामगंगा नदी पर एक क्षतिग्रस्त कार मिली। पुलिस को सूचना दी गई और वह मौके पर पहुंची। र अधूरे पुल पर जा गिरी और वहां से नदी में गिर गई।

# ईवीएम को हैक किया जा सकता है इसलिए मतपत्रों से हो चुनाव: हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू



**शिमला (एजेंसी)**। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्यप्रणाली पर संदेह को दूर करने के लिए मतपत्रों का इस्तेमाल कर चुनाव कराए जाने चाहिए क्योंकि तकनीक को हैक किया जा सकता है। सुक्खू ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'ईवीएम निर्माताओं ने उत्पादन बंद कर दिया है और अगर उनके कामकाज पर संदेह है तो आम जनता की मांग पर मत पत्रों का इस्तेमाल कर चुनाव कराए जाने चाहिए।'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत महायुति गठबंधन ने 288 में से 230 सीट पर जीत हासिल की थी, जिसके कुछ दिनों मुख्यमंत्री ने यह टिप्पणी की। चुनाव में विपक्षी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के खाते में 46 सीटें आयीं। सुक्खू ने कहा, 'किसी भी तकनीक को हैक किया जा सकता है और यहां तक कि एलन मस्क(सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' के मालिक) ने भी यह बात कही है।' कांग्रेस, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शरदचंद्र पवार के कई नेताओं ने ईवीएम के कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाया और दावा किया कि मशीनों के खिलाफ बड़ी संख्या में शिकायतें सामने आई हैं। सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि इस अवधि के दौरान विभिन्न विभागों के कामकाज में बदलाव कर वह राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर ले आए हैं और वह राज्य के लोगों के हित में साहसिक कदम उठाना जारी रखेंगे।

# ललन सिंह के बयान से बिहार में सियायी घमासान... तेजस्वी ने कहा उनकी कोई विश्वसनीयता नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के बयान को लेकर बिहार में सियासी घमासान मच गया है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लिए नीतीश सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद, मुसलमान जदयू को वोट नहीं देते हैं। मंत्री सिंह ने सीएम नीतीश के कार्यकाल के दौरान लागू किए गए कई सुधारों पर प्रकाश डाला, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय को लाभ हुआ है, और उनकी तुलना लालू प्रसाद और राबड़ी देवी की सरकार के दौरान की स्थितियों से की गई।

सीएम नीतीश के करीबी माने जाने वाले पूर्व जदयू अध्यक्ष सिंह ने कहा, मुसलमान पहले भी जद-यू को वोट नहीं देते थे, और न ही अब देते हैं। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी युग के दौरान, मदरसा शिक्षक प्रति माह 4,000 रुपये कमाते थे। नीतीश के नेतृत्व में, उनके वेतन को सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप किया गया है, जो उनकी वित्तीय स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार को दिखाता है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश ने उन्नत शिक्षा और कल्याणकारी योजनाओं जैसे उपायों के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदाय के विकास को गति दी है।

हालाँकि, केंद्रीय मंत्री सिंह ने अफसोस जताया कि ये प्रयास नीतीश या जद-यू के लिए वोटों में नहीं बदले हैं। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय की राजनीतिक प्राथमिकताओं की आलोचना कर दावा किया कि जिन पार्टियों का वे समर्थन करते हैं, उन्होंने उनके विकास में योगदान नहीं दिया है। अपनी टिप्पणी में, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनावी गतिशीलता की वास्तविकताओं को पहचानने का आह्वान कर कहा, किसी भी भ्रम में न रहें कि अल्पसंख्यक समुदाय नीतीश को वोट देता है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि



मुख्यमंत्री नीतीश सभी के लिए काम करते हैं।

हालांकि, जदयू नेता मोहम्मद जमाल ने केंद्रीय मंत्री सिंह के बयान पर पलटवा कर कहा है कि बिहार का अल्पसंख्यक समुदाय नीतीश के साथ मजबूती से खड़ा है। वहीं नीरज कुमार के बाद अब अशोक चौधरी ने कहा कि, सिंह के बयान पर विपक्ष जबरदस्ती का विवाद पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश न हिंदू है न मुसलमान है, न वह सिख हैं न इसाई है। नीतीश कुमार एक इंसान हैं, जो एक इक्कसवीं सदी के बिहार के निर्माण का सपना देखा और काम कर रहा है।

ललन के बयान पर राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि छोड़िए ललन सिंह की बात, हम लोगों के साथ थे, तब प्रधानमंत्री और अमित शाह को क्या-क्या बोलते थे। इधर हैं, तब इधर की बात करेंगे, उधर हैं, तब इधर की बात करते है। उनकी अपनी कोई क्रेडिबिलिटी नहीं है। वहीं, बयान के सफाई में ललन सिंह ने कहा कि मुजफ्फरपुर में मैंने कहा कि नीतीश कुमार वोट के लिए काम नहीं करते, वह बिहार की भलाई के लिए काम करते हैं और नीतीश कुमार ने पिछले 19 वर्षों में समाज के हर वर्ग के सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए काम किया है और उसी का परिणाम है कि आज बिहार बदल रहा है।

# 40 बागी विधायकों में से 5 को मिली हार, सामना के जरिए उद्धव ठाकरे ने शिंदे को राजनीति छोड़ने के वादे की दिलाई याद

**मुंबई (एजेंसी)**। शिवसेना (यूबीटी) ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को उनके राजनीति छोड़ने के वादे की याद दिलाई, यदि 2022 में अविभाजित शिवसेना के विभाजन के दौरान उनके साथ रहने वाले बागी विधायकों में से कोई भी राज्य में विधानसभा चुनाव हार गया। पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में एक लेख में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट ने शिंदे को याद दिलाया कि 40 बागी विधायकों में से पांच विधानसभा चुनाव हार गए हैं। दैनिक ने कहा कि विधायक हैं माहिम से सदा सरवनकर, भायखला से यामिनी जाधव, सांगोला से शाहजी बापू पाटिल, मेहकर से संजय रायमुलकर और उमरगा से ज्ञानराज चौगुले।

शिंदे की सेना की ओर से एकनाथ शिदने को मुख्यमंत्री बने रहने की मांग बढ़ने के बाद पार्टी की ओर से यह प्रतिक्रिया आई है। शिव सेना (यूबीटी) के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने शिंदे के समर्थन में बिहार में व्यवस्था का हवाला दिया। म्हास्के ने कहा कि हमें लगता है कि शिंदे को मुख्यमंत्री होना चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे बिहार में हुआ था, जहां बीजेपी ने संख्या को नहीं देखा, लेकिन फिर भी जेडीयू नेता नीतीश कुमार को सीएम बनाया। महायुति (महाराष्ट्र में) के वरिष्ठ नेता अंततः निर्णय लेंगे। शिंदे की सेना से महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर ने भी रविवार को कहा कि पार्टी विधायकों का मानना है कि शिंदे को मुख्यमंत्री बने रहना चाहिए। केसरकर ने



संवाददाताओं से कहा, उनके नेतृत्व में, महायुति ने बहुत अच्छा काम किया और चुनावों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महायुति के साझेदार अंतिम निर्णय लेंगे।

शिंदे, जो उस समय उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सरकार में मंत्री थे, ने तत्कालीन सीएम के नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। शिंदे के साथ कम से कम 39 अन्य विधायक भाजपा के साथ 'बातचीत' शुरू करने के लिए सबसे पहले गुजरात के सूरत और असम के गुवाहाटी, दोनों भाजपा शासित राज्यों के लिए रवाना हुए। बाद में शिंदे भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री बने।

## रामदास अठावले ने बता दिया, सीएम की रेस में कौन है सबसे आगे, अपनी पार्टी के लिए मांगा मंत्री पद

केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया-अठावले (आरपीआई-ए) के प्रमुख रामदास अठावले ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री, देवेंद्र फडणवीस, राज्य के अगले मुख्यमंत्री बनने की ओर अग्रसर हैं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता अजित पवार ने उन्हें अपना समर्थन दिया है। फडणवीस से उनके आवास पर मुलाकात के बाद अठावले ने कहा कि मुख्यमंत्री पद पर फैसले को अगले दो से तीन दिनों के भीतर अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि शपथ ग्रहण समारोह जल्द ही होगा और आश्वासन दिया कि आरपीआई-ए कैबिनेट में जगह सुरक्षित करेगी। केंद्रीय मंत्री ने फडणवीस के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि अगले मुख्यमंत्री के तौर पर देवेन्द्र फडणवीस को चुना जाएगा। बीजेपी को 132 सीटें मिली हैं। अजित पवार ने भी देवेन्द्र फडणवीस को 41 सीटों का समर्थन दिया। एकनाथ शिंदे से चर्चा अभी भी जारी है। अठावले ने यह भी सुझाव दिया कि एकनाथ शिंदे, जिन्होंने शिव सेना को 58 सीटों पर जीत दिलाई, को केंद्रीय पद से सम्मानित किया जाना चाहिए, जबकि शिव सेना को एक उपमुख्यमंत्री की सीट मिलनी चाहिए।

# वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध, प्रदर्शनकारियों व पुलिस में झड़प

## दुकानदार और पालकीवालों ने कहा, हमारी रोजी-रोटी छिन जाएगी

**श्रीनगर (एजेंसी)**। कटरा में वैष्णो देवी रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध बढ़ता जा रहा है। सोमवार को लोकल दुकानदार और मजदूरों ने लगातार चौथे दिन प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। झड़प में पुलिस का एक जवान घायल हो गया है।

प्रदर्शनकारियों ने श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर विरोध रैली निकाली और शालीमार पार्क के बाहर धरना दिया। बता दें कि शालीमार पार्क में ही वैष्णोदेवी दर्शन के लिए जाने वाले लोगों के लिए बेस कैंप शिविर बनाया गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचाने वाले रोपवे प्रोजेक्ट से मौजूदा रूट के लोकल दुकानदार का व्यापार ठप हो जाएगा। पालकी और घोड़े से श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचाने वाले स्थानीय लोगों ने कहा कि नया प्रोजेक्ट 250 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है। इसके बनने के बाद श्रद्धालु रोपवे से जाएंगे। हमारी रोजी-रोटी छिन जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुकानदारों और घोड़े-पालकीवालों ने तीन दिन हड़ताल का भी ऐलान किया था। 22 नवंबर से शुरू हुई यह हड़ताल अब एक दिन और बढ़ाई गई है। प्रदर्शन में मजदूर संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह जामवाल और शिवसेना (यूबीटी) के प्रदेश अध्यक्ष मनीष साहनी भी शामिल



हुए। उन्होंने रोपवे प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए 20 लाख रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही प्रभावितों के लिए पुनर्वास प्लान बनाने के लिए कहा है।

**रोपवे से सात घंटे का सफर मात्र एक घंटे में होगा**

श्री वैष्णो देवी मंदिर श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग ने बताया कि 250 करोड़ रुपए की लागत से नए रोपवे प्रोजेक्ट का निर्माण हो रहा है। इसके तहत कटरा से सांझीछत जाने में महज छह मिनट का समय लगेगा। इसके बाद 45 से 50 मिनट में वैष्णो देवी भवन तक पहुंचा जा सकता है। अभि भक्तों को मंदिर तक पहुंचने में चढ़ाई करके 6-7 घंटे लगते हैं। प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद श्रद्धालु को सिर्फ एक घंटा लगेगा। इससे श्रद्धालुओं को आसानी होगी।

# निज्जर कांड में न सबूत-न सुनवाई, अब 4 भारतीयों को फंसाने पर तुला कनाडा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपने खालिस्तानी प्रेम से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। इसी प्रेम के चलते कनाडा में उनका जबरदस्त विरोध हो रहा है,इसके बाद भी ट्रूडो खालिस्तानियों के चंगुल में फंसे हुए हैं। निज्जर हत्याकांड में उसके पास सबूत है नहीं और अब वह प्रारंभिक सुनवाई का भी मौका नहीं दे रहा। जी हां, अब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में कनाडा सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। कनाडा सरकार ने निज्जर हत्याकांड के कथित आरोपी चार भारतीय नागरिकों के खिलाफ सीधे अभियोग अथवा मुकदमे चलाने का ऐलान है।

आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड में चार भारतीय नागरिक हैं- करण बरार, अमनदीप सिंह, कमलप्रीत सिंह और करणप्रीत सिंह। इन चारों आरोपी भारतीय नागरिकों को 21 नवंबर को सरे की प्रांतीय अदालत में पेशी के लिए हाजिर होना था, मगर ऐन वक्त पर कार्यवाही को रद्द कर दिया गया और वे पेश नहीं हो सके। अब वे 11 फरवरी, 2025 को पेश होंगे। कनाडा के अफसरों की मानें तो अभी सुनवाई शुरू होने की कोई संभावित तारीख तय नहीं है। 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के परिसर में निज्जर की हत्या के मामले में इस साल मई में गिरफ्तार किए गए चार लोगों के खिलाफ न्यायिक कार्यवाही में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद से मामले की सुनवाई पांच बार टाली जा चुकी है। चारों पर निज्जर की हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

बिना शुरुआती सुनवाई के ही यह ट्रायल चलेगा। बीसी प्रॉसिक्यूशन सर्विस की मानें तो इसके चलते सरे प्रोविंसियल कोर्ट में सुनवाई से पहले की कार्यवाही रोक दी गई है और मामला अब सीधे सुप्रीम कोर्ट में जाएगा। जस्टिन ट्रूडो निज्जर हत्याकांड को दिल से लगा बैठे हैं। वह इस मसले के वोट बैंक के रूप में देख रहे हैं। वह इसके सहारे अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं।खबर के मुताबिक, निज्जर हत्याकांड के कथित चारों आरोपियों पर सीधे अभियोग चलाने का मतलब है कि मामला बिना किसी प्रारंभिक सुनवाई के सीधे ट्रायल के लिए जाएगा। यह एक महत्वपूर्ण चरण को दरकिनार कर देता है, जहां आरोपी के बचाव पक्ष के वकील को अभियोजन पक्ष के गवाहों से जिरह करने और वास्तविक मुकदमे शुरू होने से पहले अपने मुवक्किल के खिलाफ मामले का पता लगाने का अवसर मिलेगा। मगर अब यह मामला सीधे ट्रायल में जाएगा। कनाडा के क्रिमिनल कोड के तहत, डायरेक्ट इंडिक्टमेंट यानी प्रत्यक्ष अभियोग एक स्पेशल पावर है, जिसका इस्तेमाल बहुत सोच-समझकर किया जाता है। यह अटॉर्नी जनरल की संवैधानिक जिम्मेदारी पर निर्भर करता है कि जो लोग मुकदमे के लायक हैं, उन पर वाकई मुकदमा चलाया जाए। इसे आम तौर पर जनहित के कुछ खास मामलों में ही लागू किया जाता है, जैसे कि जब गवाहों, उनके परिवारों, या मुखबिरों की सुरक्षा को लेकर उचित चिंता हो।



# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता



ललित गर्ग

> आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है।

दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी श्रृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोच, नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी श्रृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' और गुयाना ने 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका, गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं, वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया, इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता, उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव, फिलीस्तीन, इजिप्ट, बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फिजी, मॉरिशस, युगांडा, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफगानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बार, इंदिरा गांधी ने 4 बार, जवाहरलाल नेहरू ने 3 बार, जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1-1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए। यह अपने आप में अभूतपूर्व है कि विश्व के इतिहास में आज तक कभी भी किसी राष्ट्राध्यक्ष ने किसी दूसरे राष्ट्राध्यक्ष के पांव सार्वजनिक रूप से नहीं छूए हो।



भारत की जनता ने महानायक मोदी को एक नए भारत के शिल्पकार के रूप में देखा। मोदी की हर देश की यात्रा ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बनी है। बात चाहे अमेरिका यात्रा की हो, वहां राष्ट्रपति जो बाइडेन मोदी गले तो मिले ही साथ ही बाइडेन का यह कहना अपने आप में अद्भुत है कि 'आप तो अद्भुत लोकप्रिय हो। मुझे तो आपके आटोग्राफ लेने चाहिए।' आस्ट्रेलिया के सिडनी में जिस तरह से पूरा स्टेडियम वहां बसे भारतीयों ने ठसाठस भर दिया और पूरा स्टेडियम मोदी-मोदी के नारों से गुंजायमान हो उठा। उसे देखकर तो आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस भी हैरान रह गए। दुनिया के बडे.नेता जहां मोदी को सर आंखों पर बैठा रहे हैं, वहीं भारत में मोदी की लगातार बढ़ती साख एवं सम्मान से समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। मोदी का जितना विरोध किया जा रहा है, उतनी ही उनकी प्रतिष्ठा एवं जनस्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। एक तरह से विरोध उनके लिये वरदान बन रहा है। इस युगनायक पर कीचड़ उछालने की जिस तरह की हरकतें की गई, वर्तमान में वे पराकाष्ठा तक पहुंच गयी है। पर इससे मोदी का वर्चस्व धूमिल होने वाला नहीं है। क्योंकि उनकी राजनीति एवं नीति विशुद्ध है और सैद्धान्तिक आधार पुष्ट है।

आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है। मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह विलक्षण है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। कठोर परिश्रम एवं अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने दुनिया को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब श्री मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करते हुए भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरते हुए विश्व नेतृत्व की क्षमताओं को उजागर कर रहा है। मोदी की सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं, आत्मनिर्भर जीवनयापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं जिसे समूची दुनिया आश्चर्य से देख रही है। 'सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास' के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। मोदी के नेतृत्व में कई परिवर्तनकारी पहल की गई हैं, जिनका भारत पर स्थायी प्रभाव पड़ा है। उनके 'स्वच्छ भारत' अभियान ने पूरे देश में स्वच्छता और सफाई के बारे में जागरूकता बढ़ाई है, जबकि 'मेक इन इंडिया' पहल का लक्ष्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र में बदलना है। इसके अतिरिक्त, मोदी के 'डिजिटल इंडिया' कार्यक्रम ने देश के डिजिटल बुनियादी ढांचे में काफी सुधार किया है, जिससे प्रौद्योगिकी सभी के लिए अधिक सुलभ हो गई है। दस वर्ष का कुशल देश संचालन, विकास की नयी इबारत लिखना, विश्वमंचों पर भारत की साख को बढ़ाना आदि घटनाओं के साक्षी रहे लोगों का अनुभव है कि इस अवधि में जितना एवं जैसा भारत बना है, उसमंर विश्व को नयी दिशा देने की क्षमता है। भारत की जनता उन्हें एक नए भारत के अभ्युदय के आधारस्तंभ के रूप में देख रही है।

## संपादकीय

### परिणाम के मायने

दो राज्यों- महाराष्ट्र और झारखंड़- के परिणाम भाजपा और कांग्रेस के लिए कमोबेश मिले-जुले रहे। एक तरफ जहां महाराष्ट्र में भाजपा-नीत महायुति गठबंधन ने प्रचंड़ बहुमत के साथसत्ता में वापसी करते हुए 288 सदस्यीय विधानसभा की 230 सीटों पर जीत दर्ज की; वहीं झारखंड़ मुक्ति मोर्चा (जेएमएम)-नीत गठबंधन ने 81 सदस्यीय झारखंड़ विधानसभा में 56 सीटें जीत कर भाजपा-नीत राजग गठबंधन को करारी शिकस्त दी। उधर, उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 9 सीटों के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा ने 7 और सपा ने दो सीटें जीतीं। राजस्थान में 7 सीटों के लिए हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने पांच सीटें जीतीं जबकि कांग्रेस और बीएपीपी को एक-एक सीट मिली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल में वायनाड़ लोक सभा सीट के उपचुनाव में 4.1 लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीत दर्ज की। महाराष्ट्र और झारखंड़ में चुनाव परिणामों को लेकर करीब-करीब सभी एक्जिट पोल्स ने इसी प्रकार के परिणाम आने की बात कही थी। भाजपा का कहना है कि महाराष्ट्र में जीत के एकता का संकेत मिला है कि हम ह्यएक हैंङ्क तो सेफ हैं।' महाराष्ट्र में अपनी करारी हार पर कांग्रेस ने 'हारे को हरि नाम' अंदाज में झारखंड़ में जेएमएम-नीत की जीत को भुलाने का उपक्रम किया है। चुनाव परिणामों को लेकर शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने यह कहकर जनादेश का अपमान ही तो किया है कि परिणाम में साजिश नजर आ रही है.यह मराठी 'मानुष' और किसानों का जनादेश नहीं है। चुनाव नतीजों में कुछ तो गड़ब्रड़. है। बेशक, चुनाव परिणाम के नतीजे सभी पक्षों खासकर चुनाव में पराजित होने वाले पक्ष के लिए मौका होते हैं कि वे अपनी हार का आकलन करें और कमियों को जानें। हाल के चुनावों खासकर केंद्र में नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद यानी 2014 के बाद देश में एक नया मतदाता वर्ग उभरा है। यह ऐसा वर्ग है, जो जाति-धर्म से ऊपर उठकर जनादेश देता है। यह वर्ग सरकार की नीतियों और पहल से प्रभावित होकर वोट करता है। हालांकि इस वर्ग को रेवड़ी बांटकर तैयार किया गया वर्ग करार दिया जाता रहा है, लेकिन मानना ही होगा कि मतदाताओं का बड़ा हिस्से के वोट देने के फैसले को सरकार की ओर से मिलने वाले लाभ निर्णायक साबित हो रहे हैं। महाराष्ट्र में भी एकनाथ शिंदे 'लाड़ली बहीण योजना' ने मतदाताओं को उनके पक्ष में लामबंद कर दिया। झारखंड़ में इसी तर्ज पर 'मइया योजना' के अलावा आदिवासी अस्मिता का मुद्दा भारी पड़ा।

## चिंतन-मनन

### भावना भी समझें

एक आदमी बस में रोजाना ही यात्रा करता था। वह बस में केले खाता और छिलके को खिड़की से फेंक देता। एक दिन एक भाई ने कहा, भाई! सड़क पर छिलके डालना उचित नहीं है। दूसरे फिसलकर गिर पड़ते हैं। छिलकों को एक ओर डालना चाहिए। उसने कहा, अच्छी बात है। दूसरे दिन की बात है। पूर्व दिन वाले दोनों यात्री एक ही बस में बैठे हुए थे। एक ने केले छीले, खाए और छिलके डाल दिए। सड़क पर नहीं, अन्यत्र कहीं। साथी ने कहा, धन्यवाद! कल जो मैंने कहा, उसे तुमने मान लिया। आज छिलके सड़क पर नहीं फेंके। उसने कहा, सड़क पर तो नहीं फेंके, पर मेरे पास जो दूसरा यात्री बैठा था, उसकी जेब में चुपके से छिलके डाल दिए। सड़क पर उन्हें डालने की नौबत ही नहीं आई।

हर आदमी ऐसे ही समस्या को दूसरों की जेब में डालता जाता है और यह मान लेता है कि समस्या का समाधान हो गया। समस्या सुलझती नहीं। एक समस्या सुलझती है, तो दूसरी उलझ जाती है। समस्या के समाधान का सही मार्ग है-भावनाओं पर ध्यान देना। जो भी काम किया जाता है, उसको करने से पूर्व यह सोचना होगा कि मैं यह काम शरीर की सुविधा के लिए कर रहा हूं, पर इससे कहीं मन की समस्या उलझ तो नहीं रही है? कहीं भावना की समस्या गहरी तो नहीं होती जा रही है? हम तीनों समस्याओं पर एक साथ ध्यान दें। जब तक शरीर की समस्या, मन की समस्या और भावना की समस्या पर समवेत रूप में ध्यान नहीं देंगे, तब तक समाधान नहीं मिलेगा।

# संविधानः हम भारत के लोग



हेमेन्द्र क्षीरसागर




भारत रत्न, भारतीय बहुज्ञ, डां भीम राव रामजी अंबेडकर भारतीय संविधान के रचयिता थे। उन्हें 1947 में संविधान मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं 1946 में देश के पूर्व राष्ट्रपति डां राजेंद्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया। अतुलनीय, भारतीय संविधान यानी विश्व के महान लोकतंत्र का धर्मग्रंथ और आत्मा है। जिसे संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बयर 1949 को ग्रहण किया गया। विश्व में भारत का संविधान सबसे बड़ा लिखित संविधान है। संविधान लागू होने के समय इसमें 395 अनुच्छेद, 8 अनुसूचियां और 22 भाग थे, जो वर्तमान में बढ़कर 448 अनुच्छेद, 12 अनुसूचियां और 25 भाग हो गए हैं। साथ ही इसमें पांच परिशिष्ठ भी जोड़ दिए गए हैं, जो कि प्रारंभ में नहीं थे। संविधान सभा के सभी 284 सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए, जिनमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं। इसके पश्चात 26 जनवरी को भारत का संविधान अस्तित्व में आया। इसे पारित करने में अभूतपूर्व 2 वर्ष, 11 महीने और 18 दिन का समय लगा।

अभिभूत, भारतीय संविधान की प्रस्तावना विश्व में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। उद्देशिका के माध्यम से भारतीय संविधान का सार, अपेक्षाएं, उद्देश्य उसका लक्ष्य तथा दर्शन प्रकट होता है। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है। इसी कारण यह हम भारत के लोग इस वाक्य से प्रारम्भ होती है। संविधान भाग 3 व 4 नीति निर्देशक तत्त्व मिलकर संविधान हृदय, चेतना और रीढ कहलाते है। क्योंकि किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र के लिए मौलिक अधिकार तथा नीति-निर्देश देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यथार्थ प्रदत्त अधिकार हमारे राष्ट्र के परम वैभव और जनकल्याण के लिए सारगर्भित हैं।

विशेष, संविधान विधान भर नहीं है। यह भारतीय संस्कृति है। संविधान की देह भारतीय है। इसलिए कि भारतीय, सभ्यता, संस्कृति से जुड़ा जो दर्शन है। हमारी जो उदात्त जीवन परम्पराएं हैं। संविधान उसे एक तरह से व्याख्यायित करता है। संविधान की नियमावली पर गूढ़ नजर डालें तो पाएंगे कि हमारे संविधान का आधार भगवान श्रीराम के आदर्शों का भी पालन करता है। उनके आदर्श समाज के प्रारूप को ही नहीं अपितु देश के संविधान को तय करने और देश का बेहतर संचालन करने में भी प्रासंगिक हैं। ऐसा ही कुछ विचार आया होगा भारतीय संविधान की मूल हस्तलिखित पांडुलिपि पर चित्र बनाने वाले महान चित्रकार नंदलाल बोस के दिमाग में। 'सर्वधर्म समभाव' की विचारमाला को अपने मानकों में पिरोने वाले भारतीय संविधान की रिक्तता को पूर्ण करने के लिए उन्होंने ऐसे चित्र बनाए। जो भारत की गौरवगाथा के अहम अध्याय हैं। जिनका हमारी अलौकिक जीवन शैली में विशेष योगदान रहा है।

स्तुत्य, भारतीय संविधान हम भारत के लोगों के लिए हमारी अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत जनित स्वतंत्रता एवं समानता के आदर्श मूल्यों के प्रति एक राष्ट्र के रूप में हमारी प्रतिबद्धता का परिचायक है। संविधान की मूल प्रति पर नटराज भी हैं और श्रीकृष्ण भी। वहां शांति का उपदेश देते भगवान बुद्ध, महावीर?, गुरु गोबिंद सिंह भी हैं। हिंदू धर्म के एक और अहम प्रतीक शतदल कमल भी संविधान की मूल प्रति पर मौजूद है। स्वतंत्रता वीर शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, महात्मा गांधी, सुभाष चन्द्र बोस का ओज है। महाराजा विक्रमादित्य का दरबार, नालंदा विश्वविद्यालय की मुहर और पृथ्वी पर गंगावतरण आलोकित है। हालांकि ये तस्वीरें संविधान का हिस्सा नहीं हैं, फिर भी ये संविधान की मूल प्रति के अभिन्न अंग हैं। जो मूलतः भारतीय संविधान के भारतीय चैतन्य को ही परिभाषित करते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा के आलोक में निर्मित भारतीय संविधान भारत की ऋषि परम्परा का धर्मशास्त्र है। भारतीय जीवन दर्शन का ग्रंथ है। वस्तुतः भारत का संविधान देश को संप्रभु, पंथनिरपेक्ष, समाजवादी, लोकतांत्रिक गणतंत्र घोषित करता है और अपने नागरिकों के लिए समानता, स्वतंत्रता और न्याय की प्रत्याभूति देता है। अनुकरणीय, हमें असीम गर्व और गौरव सार्थक अनुभूति होती है। सत्यमेव जयते!

(हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार, बालाघाट, मप्र)

# पश्चिम बंगाल में ममता का जलवा कायम रखने के साथ कांग्रेस व भाजपा पर राजनैतिक हमले भी जारी



अशोक भाटिया , मुंबई

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल उपचुनाव में क्लीन स्वीप किया है उससे तो यही लगता है कि पश्चिम बंगाल में ममता का जलवा कायम है । टीएमसी ने अपनी पांच सीटें बरकरार रखीं और मदारीहाट सीट भाजपा से छीन लिया। इस जीत के साथ पश्चिम बंगाल में टीएमसी का राजनीतिक प्रभुत्व और मजबूत हो गया है। यहां तक कि आरजी कर की जघन्य घटना पर चल रहे विरोध प्रदर्शन भी मतदाताओं को प्रभावित करने में विफल रहे।

पश्चिम बंगाल के छह निर्वाचन क्षेत्रों- नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा, सीताई (एससी), और मदारीहाट (एसटी) में उपचुनाव हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में जीत हासिल करने के बाद विधायकों द्वारा अपनी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण ये सभी सीटें रिक्त हुई थीं। आरजी कर मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन के बीच 13 नवंबर को हुए इन चुनावों को राजनीतिक रूप से तनावपूर्ण माहौल के बीच सत्तारूढ़ दल के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में देखा जा रहा था।

अनेक विरोधों के बावजूद, टीएमसी ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विजयी हुई और 2024 के लोकसभा चुनावों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। छह में से पांच निर्वाचन क्षेत्र दक्षिण बंगाल में स्थित हैं, जो टीएमसी का गढ़ है, जबकि मदारीहाट उत्तर में है, जिसे भाजपा ने 2021 में जीता था। हरोआ में, जहां 70 प्रतिशत से अधिक मतदाता अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, भाजपा तीसरे स्थान पर रही और अपनी जमानत बचाने में विफल रही, जिसके बाद पार्टी नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, 'अल्पसंख्यक भाजपा को वोट नहीं देते।'

सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चा ने खुद को राज्य में पुनर्जीवित करने के लिए आरजी कर विरोध प्रदर्शनों को भुनाने की कोशिश की थी। लेकिन लेफ्ट को करारी हार का सामना करना पड़ा। सीताई, तालडांगरा, मेदिनीपुर और मदारीहाट में वाम मोर्चे ने अपनी जमानत गंवा दी। वाम मोर्चे में शामिल सीपीआई (एमएल) की नैहाटी में जमानत जब्त हो गई, जबकि ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट को हरोआ में जमानत गंवानी पड़ी।

कांग्रेस ने 2021 के बाद पहली बार वाम दलों के साथ गठबंधन के बिना चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे सभी छह निर्वाचन क्षेत्रों में जमानत गंवानी पड़ी। सीताई (एससी) में, टीएमसी की संगीता रॉय ने भाजपा के दीपक कुमार रे पर 1,30,636 के अंतर से जीत हासिल की, जिन्हें केवल 35,348 वोट मिले। टीएमसी का वोट शेयर 2021 के राज्य चुनावों में 49 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 76 प्रतिशत हो गया, जबकि भाजपा का वोट शेयर 45 प्रतिशत से गिरकर सिर्फ 16 प्रतिशत रह गया। मदारीहाट (एसटी) सीट, जो पहले भाजपा के पास थी, वहां टीएमसी ने जीत दर्ज की। सत्तारूढ़ दल के जयप्रकाश टोप्पो ने 79,186 वोटों प्राप्त किए और बीजेपी के राहुल लोहार को 28,168 वोटों के अंतर से मात दी। यह जीत टीएमसी के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह पहली बार है जब पार्टी ने चाय बागान बेल्ट की एक प्रमुख सीट मदारीहाट पर कब्जा कर लिया है। उम्मीदवार के चयन को लेकर भाजपा के अलीपुरद्वार सांसद मनोज तिग्गा और पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉन बारला के बीच मतभेद के कारण पार्टी को यह सीट गंवानी पड़ी।

मदारीहाट में टीएमसी का वोट शेयर 2021 की तुलना में 34.13 फीसदी से बढ़कर 54.05 फीसदी हो गया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर गिरकर 34 फीसदी हो गया। नैहाटी में टीएमसी के सनत डे ने 78,772 वोटों प्राप्त किए। उन्होंने बीजेपी के रूपक मित्रा को 49,277 वोटों से हराया। टीएमसी का वोट शेयर 2021 में 50 फीसदी से बढ़कर 62.97 फीसदी हो गया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर 2021 में 38 फीसदी से गिरकर 23.58 फीसदी हो गया। हरोआ में, टीएमसी के एसके रबीउल इस्लाम ने 1,57,072 वोट प्राप्त किए। उन्होंने आईएसएफ के पियारुल इस्लाम पर 1,31,388 वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। पियारुल इस्लाम को सिर्फ 25,684 वोट मिले। यह परिणाम दक्षिण बंगाल में अल्पसंख्यकों के बीच टीएमसी के प्रभुत्व को रेखांकित करता है।

टीएमसी का वोट शेयर बढ़कर 76.63 फीसदी हो गया, जबकि आईएसएफ सिर्फ 12 ।53 फीसदी ही हासिल कर पाई, जबकि 2021 में टीएमसी का वोट शेयर 57.34 फीसदी था। मेदिनीपुर में, टीएमसी के सुजॉय हाजरा ने 115,104 वोट हासिल किए और बीजेपी के सुभाजीत रॉय को 33,996 वोटों के अंतर से हराया। बीजेपी प्रत्याशी को 81,108 वोट मिले। बीजेपी के 37.67 फीसदी की तुलना में टीएमसी का वोट शेयर मेदिनीपुर में 53..43 फीसदी तक पहुंच गया। साल 2021 के विधानसभा चुनाव में इस आदिवासी बहुल सीट पर टीएमसी का वोट शेयर 50.72 फीसदी और बीजेपी का 40 ।51 फीसदी था।

तलडांगरा में, टीएमसी की फाल्गुनी सिंहबाबू ने 98,926 वोट प्राप्त किए और बीजेपी की अनन्या रॉय चक्रवर्ती को 34,082 वोटों के अंतर से हराया। टीएमसी ने अपना वोट शेयर 2021 में 46 फीसदी से बढ़ाकर 52 फीसदी कर लिया, जबकि बीजेपी का वोट शेयर 39 ।9 फीसदी से गिरकर 34 फीसदी हो गया।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने राज्य के लोगों को उनके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'मैं अपने दिल की गहराइयों से मां, माटी और मानुष को धन्यवाद और बधाई देना चाहती हूं। आपका आशीर्वाद हमें आने वाले दिनों में लोगों के लिए काम करने में मदद करेगा।'

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सभी छह टीएमसी उम्मीदवारों को उनकी निर्णायक जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल की जनता ने जमींदारों, मीडिया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक वर्ग द्वारा अपने निहित स्वार्थों के लिए राज्य को बदनाम करने के लिए बनाए गए नैरेटिव को खारिज कर दिया। उन्होंने मदारीहाट की जनता को भी विशेष धन्यवाद दिया। अभिषेक बनर्जी ने कहा, 'मैं बांग्ला बिरोधियों, उनके फर्जी नैरेटिव को लोकतांत्रिक तरीके से खत्म करने और हम पर अपना भरोसा जताने के लिए पश्चिम बंगाल के लोगों के सामने शीश झुकाता हूं।'

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार-हत्या के मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण तृणमूल कांग्रेस दबाव में थी। लेकिन उपचुनावों के परिणामों से साफ है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस तूफान से पार पा लिया है। इससे पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पकड़ और भी मजबूत हो गई है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज के विरोध प्रदर्शनों के बीच ये चुनाव राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के लिए अग्नि परीक्षा सरीखे माने जा रहे थे। इसका मतलब यह है कि आरजी कर घटना के बाद राज्य सरकार के खिलाफ नकारात्मक अभियान के बावजूद पश्चिम बंगाल के लोगों ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में अपना विश्वास बनाए रखा है।

बीजेपी के लिए इस बार भी कई कारक अनुकूल नहीं रहे। लोकसभा चुनाव में भी उसको मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। 2024 में उसकी सीटें घटकर 12 हो गईं, जबकि 2019 में उसने 18 सीटें जीती थीं। उस समय भी बीजेपी की चुनावी रणनीति, संगठनात्मक ढांचे और नैरेटिव पर कई सवाल उठे थे। इसके अलावा बीजेपी की केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भरता, मुस्लिम विरोधी बयानबाजी और नागरिकता संशोधन अधिनियम (उअअ) को समर्थन न मिलना भी नुकसानदायक साबित हुआ। इसके विपरीत ममता बनर्जी ने खुद को बंगाल के हितों की रक्षक के रूप में पेश किया। उनका यह अवतार भ्रष्टाचार और लॉ एंड ऑर्डर के मामले में फेल रहने के आरोपों के बावजूद मतदाताओं के साथ जुड़ गया। कमाल की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में भगवा फहराने का सपना देख रही बीजेपी ममता की काट निकालने में असफल रही।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने उपचुनाव के नतीजों को महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा, 'उपचुनाव के नतीजे एक विश्वसनीय संकेतक के रूप में काम नहीं कर सकते। लोग टीएमसी के साथ हैं या उनके खिलाफ, यह आगामी विधानसभा चुनाव में दिखाई देगा।' 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद से, टीएमसी ने मार्च 2023 में सागरदिघी उपचुनाव को छोड़कर हर उपचुनाव में जीत हासिल की है। सागरदिघी में कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी, जो बाद में टीएमसी में शामिल हो गया था। इस जीत के साथ, 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा में टीएमसी की संख्या बढ़कर 216 हो गई है, जिससे उसकी स्थिति और मजबूत हो गई है। वहीं भाजपा की संख्या 77 से घटकर 69 हो गई है।

उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर क्ठउक्रअ अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को क्ठउक्रअ ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है।

टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, 'कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।'

तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, 'वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।' अशोक भाटिया, वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार लेखक 5 दशक से लेखन कार्य से जुड़े हुए हैंपत्रकारिता में वसई गौरव अवार्ड से सम्मानित, वसई पूर्व - 401208

# यमराज और चित्रगुप्त ने शाहजहाँपुर की सड़कों पर यातायात के नियम बताए, आम जन को बांटे हेलमेट!

संस्कार उजाला

**जनपद शाहजहांपुर** के खिरनीबाग चौराहे पर सहयोग संस्था द्वारा यातायात के नियमों के पालन के लिए पब्लिक को जागरूक करने को एक कैंप लगाया गया । मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति यादव ने फीता काट कर शुभारंभ किया। जेपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी। गाड़ी चलाते हुए व्यक्तियों को सीट बेल्ट लगवाई । यमराज बन बच्चों ने बिना हेलमेट लगाए लोगों को पकड़ पकड़ कर चित्रगुप्त के सामने पेश किया और चित्रगुप्त ने रजिस्टर देखकर समझाया कि जल्द ही तुम्हारा एक्सीडेंट होने



वाला है ,इसलिए तुरंत हेलमेट लगा लो। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव ने सभी को हेलमेट पहनाया । कैंप में मौजूद रही महानगर की मेयर अर्चना वर्मा ने पब्लिक से यातायात के नियमों के पालन का अनुरोध किया। बच्चों से कहा कि अपने घर के भी



सभी बड़े सदस्यों को समझाएं कि यातायात के नियमों का पूरी तरीके से पालन करें । ट्रैफिक सीओ ज्योति यादव ने सभी बड़े व बच्चों को यातायात के नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई । सहयोग संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खान एडवोकेट ने सभी मुख्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। अध्यक्ष नेहा यादव व महासचिव निखिल महेंद्रु ने सभी का आभार व्यक्त किया । इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी महेंद्र दुबे, विकास सक्सेना ,शालू यादव ,स्तुति गुप्ता, डॉक्टर पुनीत मनीषी, शफीकुद्दीन अंसारी एडवोकेट, सैफ असलम ,विक्रांत सक्सेना, सोमेश यादव ,तराना जमाल, संजय सिंह, राजा , जेपी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य हिना खान, अध्यापिका निदा नाज, संध्या पांडे ,मंजू ,लक्ष्मी गुप्ता ,इस्लामिया इंटर कॉलेज के अध्यापक मोहम्मद हारुन ,मेहराज हसन ,खालिद खान व सभी बच्चे मौजूद रहे ।

## डी एम पब्लिक स्कूल के एनसीसी 38 बटालियन छात्र-छात्राओं ने मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया के तट पर चलाया सफाई अभियान

संस्कार उजाला

**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**

**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में शाहपुर रोड पर स्थित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल के एन सीसी 38 बटालियन हापुड़ के छात्रों ने तीर्थ नगरी ब्रजघाट में मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया के तट पर संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया। बता दे कि एनसीसी स्कूली छात्रों के द्वारा इस सफाई अभियान के तहत घाट पर पड़ी पालीथिन कूड़ा करकट को साफ किया गया। इस अभियान में सूबेदार रविन्द्र सिंह,सूबेदर योगेन्द्र सिंह,सूबेदार कमल दीप सिंह,सहित देव मैमोरियल पब्लिक स्कूल से 31 एनसी सी के छात्र और 15 छात्र महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज गढ़मुक्तेश्वर के द्वारा हिस्सा लेकर सफाई अभियान को सफल बनाया। और मोक्षदायिनी पतित पावनी गंगा मैया को स्वच्छ करना है। गंगा में कूड़ा नहीं डालने देना है। गंगा स्वच्छ तो प्रकृति स्वच्छ गंगा



बचाओ देश बचाओ के उदघोष के नारे लगाते हुए वहां पर उपस्थित श्रद्धालुओं को जागरूक किया गया।इस मौके पर स्कूल प्रबंधक राजेन्द्र सिंह, प्रिंसिपल मंजु चौधरी, वाइस प्रिंसिपल युधिष्ठिर यादव,स्कूल कोर्डिनेटर योगेन्द्र सिंह,अशोक कुमार नवीन चौधरी, रविन्द्र सिंह,कमलदीप,योगेन्द्र सिंह,पुष्पेंद्र कुमार वर्मा,ब्रिज सिंह,आदि उपस्थित रहे।

## गढ़ कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार के जज्बे को ग्रामीणों ने किया सलाम चोरी का खुलासा करने पर फूल-मालाएं पहन कर एवं शाल भेंट कर किया सम्मानित

संस्कार उजाला

**गढ़मुक्तेश्वर** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नानपुर क्षेत्र में सात घरों को चोरों के द्वारा निशाना बनाने का खुलासा करने वाले गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी एवं एसओजी टीम का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर शाल भेंटकर करते हुए उनके जज्बे को सलाम करने के साथ किया सम्मानित। बता दे की गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी नीरज कुमार पुलिस महक में अपनी ड्यूटी का निष्ठापूर्वक एवं जज्बे के साथ निर्वाह करने को लेकर जाने जाते हैं। जोकि पूर्व में सिंभावली, बहादुरगढ़ थाने का चार्ज चलाने के दौरान भी कई बड़ी पशु चोरी की घटनाओं का खुलासा कर चुके हैं। हापुड़ जनपद से बुलंदशहर ट्रांसफर होने पर



जहागीराबाद थाने का चार्ज चलते हुए एक बच्ची के साथ किए गए दुष्कर्म कर हत्यारोपी को मात्र तीन माह में मजबूत पैरवी करते हुए। माननीय न्यायालय से कड़ी से कड़ी सजा के मुकाम पर पहुंचने का नाम है नीरज कुमार। वही पुनः जनपद हापुड़ में वापसी लेने पर हापुड़ नगर कोतवाली प्रभारी का चार्ज चलते हुए भी कई बड़ी घटनाओं का खुलासा किया है ।तो वहीं गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली की



कमान संभालते ही क्षेत्र में बदमाश दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण है नानपुर क्षेत्र में सात घरों में हुई चोरी का खुलासा। जिसमें पशुओं की बरामदगी के साथ 6 पशु चोर ग्रहों के सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। जिसको लेकर ग्रामीणों ने नीरज कुमार के जज्बे को सलाम करने के साथ फूल-मालाएं पहना शाल भेटकर सम्मानित किया है।

## एसओजी टीम व थाना राबट्र्सगंज पुलिस को मिली बडी सफलता, चोरी की 03 अदद मोटर साइकिल के साथ 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र** । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विगत दिनों में हो रही लगातार मोटरसाइकिल की चोरियों का खुलासा करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व में दिनाक 24.11.2024 समय लगभग 17.58 बजे एसओजी टीम एवं राबट्र्सगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रॉबर्ट्सगंज रेलवे स्टेशन रोड पर रेलवे क्रासिंग से चोरी की मोटरसाइकिल अपाचे संख्या UP 67 AD 8937 पर सवार दो व्यक्तियों 1. दीपक यादव पुत्र



देवनाराय यादव निवासी चोपन, थाना चोपन, सोनभद्र 2. अजीत पाल पुत्र गणेश पाल निवासी चोपन गांव, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र को पकड लिया गया तथा पकड़े गये अभियुक्तगण की निशानदेही पर अन्य 02 अदद चोरी की गयी मोटरसाइकिल पल्सर संख्या UP 63 Az 7692 2. बजाज पल्सर मोटरसाइकिल संख्या UP 64 AQ 4355 को बरामद किया गया । उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 895/2024 धारा 317(2), 317 (4) भारतीय न्याय संहिता 2023 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## बीएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर पांच युवकों से की 12,50000 लाख रुपए की ठगी पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के थाना सिम्भावली क्षेत्रांतर्गत पांच युवकों से बीएसएफ में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक के द्वारा 12 लाख ,50000 हजार रुपये ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक ने बेरोजगार युवकों को बीएसएफ का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ट्रेनिंग के लिए बैंगलोर भेजा था। पीड़ित युवक जब वहां पहुंचे। तो अधिकारियों ने किसी भी भर्ती की जानकारी से किया इंकार कर दिया। जिसको सुनकर पीड़ित हास्यप्रद रह गए। जिसको लेकर पीड़ितों ने अपने साथ हुई ठगी के मामले में थाना सिम्भावली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित युवक शिवम ने बताया कि उनकी और उनके साथियों अंकुश, निखिल,योगेश,और मनोज की मुलाकात हरियाणा के गुरुग्राम निवासी युवक से हुई। जिसने बताया कि वह बीएसएफ में दिलवा नौकरी दिलवा सकता है। और भरोसा दिलाने के लिए उसने कराया फर्जी परीक्षा और मेडिकल टेस्ट भी कराएं। और पैसों की वसूली करने के उपरांत फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ट्रेनिंग सेंटर बेंगलुरु भेज दिया। वहां पर अधिकारियों के द्वारा किसी भी भारती की ट्रेनिंग से जब इनकार किया गया तो उनके होश उड़ गए। और युवक से वार्ता करने की कोशिश की गई तो उसने अपना स्विच ऑफ कर लिया।तब अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ। जिसको लेकर उन्होंने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी श्यौपाल सिंह का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद प्रांत की तीर्थ नगरी बृजघाट के कृष्णा धाम में बैठक हुई आयोजित

संस्कार उजाला




**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तीर्थ नगरी बृजघाट के कृष्ण धाम में विश्व हिंदू परिषद प्रांत की बैठक का हुआ आयोजन। आयोजित बैठक में अन्तराष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट आलोक कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वक्त भारत के बड़े होने व भारत माता के अखंड होने का वक्त।आपको बता दें कि तीर्थ नगरी बृजघाट स्थित कृष्णा धाम में विहिप की प्रांत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रांत के 26 जिला महानगरों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति पहुंची। और अपने-अपने विचार व्यक्त किए। आयोजित बैठक में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट आलोक कुमार ने कहा अब यह भारत के बड़े होने का वक्त चल रहा है। इस वक्त हिंदू संगठित हो रहा है। संघर्ष कर रहा है और विजयी हो रहा है। इस अवसर पर उन्होंने बैठक में विश्व हिन्दू परिषद मेरठ प्रांत के 26 जिला महानगरों से बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यकर्ताओ संबोधित करते हुए श्री राम भगवान के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान शताब्दी हिंदू शताब्दी है।और आज विश्व में भगवा पताका लहरा रहा है। हिंदू हमेशा विजय के पर्व मानता है।भगवान श्री राम जिस उद्देश्य से आए थे।उसको पूर्ण कर उन्होंने पृथ्वी से राक्षसों का खात्मा किया था।और समरसता की भावना से बनवासी वंचित सभी को संगठित कर विजय प्राप्त की थी। हम इस उत्सव को विजयदशमी, दीपावली के रूप में मनाते आ रहे हैं। हम कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म-विरोधी एजेंडे से हिंदू अमेरिकियों की रक्षा करेंगे।हम हिंदुओ की आजादी के लिए लड़ेंगे। सभी कार्यकर्ता से आज के वातावरण को समझकर उसके अनुरूप कार्य करेंने का आह्वान किया। बैठक में क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सोलंकी ने पूर्व कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमो बजरंग दल की शोर्य यात्रा, जिला केंद्र पर व्याख्यान, धर्म रक्षा दिवस, धर्म रक्षा निधि की योजना बनवाई। वही प्रांत की समितियो व सत्संग का सत्यापन किया। बैठक में प्रांत के मंत्री राजकुमार डूंगर ने धर्म रक्षा निधि अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में मेरठ प्रांत से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता व मातृशक्ति उपस्थित रही। बैठक को प्रांत अध्यक्ष अमन सिंह, कार्य अध्यक्ष जयपाल सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष छाया सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन डा.विकास पवार ने किया।

# महिला का उपचार के दौरान मौत, नाराज परिजनों ने किया हाईवे को जाम।

संस्कार उजाला

**क्राईम ब्यूरो विकास कुमार हलचल।**

**सोनभद्र** । घोरावल कोतवाली क्षेत्र के मझिगवां मिश्र गांव में तीन सप्ताह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में झूलसी विवाहिता की रविवार को बीएचयू में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ पहले से मुकदमा दर्ज है। वही घटना से नाराज लोगों ने सोमवार को जिला अस्पताल लोढ़ी गेट के सामने चक्काजाम कर कारवाई की मांग करने लगे। सीओ डॉ चारु द्ववेदी और राबट्र्सगंज कोतवाली प्रभारी सतेंद्र राय ने नाराज लोगों को समझा बुझाकर कर उन्हें शांत किया और आवागमन बहाल कराया। पुलिस के अनुसार रॉबर्ट्सगंज के पूरब मोहाल निवासी खुशहाल देव पांडेय के



बेटी आकांक्षा की शादी घोरावल क्षेत्र के मझिगवां मिश्र गांव में प्रदीप के साथ छह साल पहले हुई थी। उसके दो मासूम बच्चे भी हैं। पिछले कुछ महीने से परिवार में जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इस बीच कुछ दिन पूर्व भोर में परिवार के लोग सो रहे थे। उसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों विवाहिता झुलस गई। परिजनों ने किसी तरह उसकी आग बुझाई और तत्काल घोरावल सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल फिर वहां से बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया था। जहां उसका उपचार चल रहा था। इस बीच मायके के लोगों ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया था। आरोप था कि दहेज के लिए ससुराल के लोगों ने उसे आग लगाया था। मामले में पुलिस ने पति प्रदीप समेत कई के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। इस बीच रविवार को वाराणसी स्थित बीएचयू में इलाज के दौरान आकांक्षा की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के लोग शव लेकर लोढ़ी स्थित मोर्चरी पहुंचे। सोमवार को मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल के सामने चक्काजाम कर दिया। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। हालांकि सीओ ने कार्रवाई कराने का आश्वासन देकर जाम को समाप्त कराया। सीओ सदर चारु द्विवेदी ने जाम को लेकर बताया कि घोरावल के शिवद्वार के रहने वाली आकांक्षा पांडेय पुत्री खुशहाल देव पांडेय जल गई थी जिसे बीएचयू ट्रामा सेंटर भर्ती कराया गया था। जहां पर कल उसकी मृत्यु हो गई। इसी बात को लेकर परिजनों ने जिला अस्पताल लोढ़ी के बाहर रोड जाम कर दिया था। पुलिस द्वारा तुरंत मामले का संज्ञान लेकर और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। कल मृत्यु हुई है पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले को लेकर कुछ कहा जा सकता है। परिजनों ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने दहेज के मामलों को लेकर उसे जला दिया था।

## महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक।

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**सोनभद्र** । शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान ह्यह्यमिशन शक्ति फेज-05 अभियानह्लह्ल चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 25.11.2024 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति



पुलिस अधीक्षक सोनभद्र श्री अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों /एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/गांव/मंदिरो/पॉर्को/स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ह्मिशन शक्ति फेज-05ह्व के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन्न, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया ।

## बाल श्रम परिवर्तन अधिकारी एवं एएचटीयू की संयुक्त टीम के द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान से बाल श्रम कराने वालों में मचा हड़कंप

संस्कार उजाला

**संवाददाता विक्की राज**

**हापुड़**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में बाल श्रम करने वालों के विरुद्ध बाल श्रम परिवर्तन अधिकारी एवं थाना एएचटीयू की टीम के द्वारा चलाए जा रहे। अभियान को लेकर बाल श्रम करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में बाल श्रम परिवर्तन अधिकारी उषा वर्मा एवं थाना एएचटीयू पुलिस टीम के द्वारा गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में चार दुकानों पर छापामार कार्रवाई के



दौरान चार बाल श्रमिकों को रेस्क्यू कर मुक्त कराया गया। और साथ ही बाल श्रम करने वाले प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्रवाई करते हुए बाल श्रमिकों के परिजनों को बुलाकर कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया।

## वर्तमान कार्यकारिणी भंग , 22 दिसम्बर को होगा कुशवाहा समाज का चुनाव।

संस्कार उजाला

**अरविंद गुप्ता ब्यूरो चीफ सोनभद्र।**

**ओबरा सोनभद्र।** कुशवाहा समाज की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर रविवार को कुशवाहा समाज ओबरा के भवन में बैठक रखी गई जिसमें कुशवाहा समाज के संगठन में सक्रियता लाने एवं सामाजिक उद्देश्यों की संरचना को समाज के सिद्धांतों के अनुरूप जमीन पर उतारा जा सके, सत्र 2024 की वर्तमान कार्यकारिणी को संरक्षक देव प्रकाश मौर्य के अध्यक्षता में भंग कर दिया गया । नई कार्यकारिणी का चयन 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से चुनाव प्रक्रिया के पश्चात किया जाएगा। समाज के सम्मानित लोगों द्वारा सर्वसम्मति से चुनाव का निर्णय लिया गया! नई कार्यकारिणी गठित होने तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में रमेश कुमार मौर्य होंगे।



जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में देव प्रकाश मौर्या , विश्वनाथ भगत , सुरेश कुमार मौर्या ,गया नाथ कुशवाहा और चुनाव अधिकारी गणेश कुशवाहा, शशिहास सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न कराया जायेगा। बैठक में रमेश कुमार , शेषनाथ सिंह , ईश्वर दयाल मौर्य, कृष्णानंद सिंह, निर्मल सिंह , अमित सिंह कुशवाहा, अरविन्द कुशवाहा , गौतम कुशवाहा, मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### पहली पत्नी को बगैर तलाक दिए दूसरा निकाह करने वाले दूल्हे राजा साथी सहित पुलिस हिरासत में

संस्कार उजाला

**रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा**



**गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने पहली पत्नी को बगैर तलाक दिए दूसरा निकाह रचाने वाले दूल्हे राजा को पहली पत्नी और उसकी बेटियों के द्वारा मौके पर पहुंचकर हंगामा करने पर पुलिस ने लिया हिरासत में निकाह करने वाली दुल्हन परिजनों संग हुई फरार। बता दे कि सिंभावली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले एक गांव निवासी युवक के द्वारा 18 वर्ष पूर्व मेरठ की महिला से निकाह किया गया था। जिसको बगैर तलाक दिए गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में दूसरा निकाह किया जा रहा था। पूर्व पत्नी सूचना मिलने पर अपनी दो जवान बेटियों के साथ निकाह स्थल पर पहुंची। और तीनों ने हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार के द्वारा दूल्हे राजा को साथी सहित हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वही इस मामले को लेकर सीओ वरुण मिश्रा का कहना है कि पहली पत्नी को तलाक दिए बगैर निकाह करने वाले युवक को साथी सहित हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### सिंभावली थाना प्रभारी ने क्षेत्रीय बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की गहनता से की जांच आसपास के दुकानदारों को अपने कैमरे संचालित रखने के दिए निर्देश

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के कुशल आदेश अनुपालन में बैंकों एवं एटीएम बूथों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित थाना प्रभारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हुए हैं। इसी क्रम में सिंभावली थाना प्रभारी श्यौपाल सिंह ने क्षेत्र में स्थित बैंक एटीएम बूथों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहनता से निरीक्षण किया। जिसमें सायरन सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा गार्ड, अग्निशमन यंत्र सहित अन्य सुरक्षा संबंधी जांच करते हुए। बैंकों के आसपास के दुकानदारों को भी अपने सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे संचालित रखने के निर्देश देते हुए बैंक के आसपास खड़े संदिग्ध वाहन एवं लोगों की चेकिंग की गई। और साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि संदिग्ध अवस्था में बैंक के आसपास कोई भी वाहन व्यक्ति विशेष अनावश्यक रूप से खड़ा पाया जाता है। तो उसके विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

### ज्योति के बच्चे नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोग भी ज्योति के जीवन में कर रहे अंधेरा उसके लिए घर का दरवाज किया बंद

संस्कार उजाला



**हापुड़**/थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली इंद्रलोक कॉलोनी में महिला को बच्चे नहीं होने पर ससुराल पक्ष के लोगो के द्वारा पीड़ित महिला को घर से निकलने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़ित महिला घर के बाहर धरना देकर बैठ गई है। बता दे की सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भरना निवासी ज्योति की शादी वर्ष 2022 में इंद्रलोक कॉलोनी निवासी युवक के साथ हुई थी। पीड़ित महिला ज्योति का आरोप है कि उसके बच्चे नहीं होने पर ससुराल वाले उसे आए दिन छींटाकशी करते हुए प्रताड़ित करते हैं। वह 1 नवंबर को अपने मायके आई थी। जैसे ही वह 3 नवंबर को मायके से लौटकर ससुराल पहुंची।तो उसकी ससुराल वालों ने घर में नहीं घुसने दिया। जिसको लेकर वह गेट पर ही धरना देकर बैठी हुई है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी सुरेश कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

### शंकराटीला में निर्मल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में सभा का किया गया आयोजन

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के पांडवों की सैररगाह पुष्पावती पूठधाम के गांव शंकराटीला में निर्मल इंडियन शोषित हमारा आमदल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर संजय कुमार निषाद कैबिनेट मंत्री के दिशा निदेर्शानुसार निषाद पार्टी की एक सभा आयोजित की गई।जिसमें 30 नवंबर को निषाद पार्टी का अधिवेशन इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डीपी निषाद जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी के द्वारा की गई। जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष निषाद एकता परिषद के बाबूराम निषाद रहे।इस मौके पर अशोक निषाद जिला अध्यक्ष संगठन महेश केवट ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल निषाद इशवर प्रजापति प्रधान कैलाश निषाद अर्जुन सैनी कश्यप निषाद से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया।।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की दर्दनाक मौत से मचा हड़कंप पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया शुरू

संस्कार उजाला

**जिला प्रभारी अमित शर्मा**



**गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर के स्याना रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात महिला की हुई दर्दनाक मौत से प्रत्यक्ष दर्शियों में मचा हड़कंप। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर सभी पहलुओं से शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है।

संस्कार उजाला

## संक्षिप्त डायरी

### मौहल्ला कम्बोह कटहरा में बंदरों का आतंक, निवासियों में भय का माहौल।



संस्कार उजाला
**मनोज त्यागी**

**सहारनपुर।** महानगर के नगर निगम वार्ड 51 के मौहल्ला कम्बोह कटहरा में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इस क्षेत्र में एक ओर जहां प्राचीन मंदिर और गुरुद्वारा साहिब है, वहीं दूसरी ओर एक पीपल का पेड़ बंदरों का प्रमुख ठिकाना बना हुआ है। प्रतिदिन शाम से लेकर रात के अंधेरे तक और फिर प्रातः काल तक बंदरों का झुंड मौहल्ले में उत्पात मचाता है। स्थानीय निवासी इस आतंक से परेशान हैं और उन्हें अपने दैनिक कार्यों में भी कठिनाइयाँ आ रही हैं। रात के तीन बजे के आस पास बंदरों के बीच होने वाली झड़पों का दृश्य बडा भयावह होता है, मानो कोई महायुद्ध हो रहा हो। बंदरों के हमलों से न केवल इलाके की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हो रहा है, बल्कि मौहल्ले के निवासी भी इनसे प्रभावित हैं। इस समस्या को लेकर आज वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा से भी बातचीत की गई ,और उन्हें इस स्थिति की पूरी जानकारी दी गई। स्थानीय निवासी उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द से जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाएगा ताकि मौहल्ले में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### सरकारी स्कूल का ताला तोड़कर सामान चोरी

संस्कार उजाला

**सहारनपुर** नागल थाना क्षेत्र के गांव भिक्कनपुर में शिक्षा के मंदिर में अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोड़कर सामान करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय भिक्कनपुर में कमरे का ताला तोड़कर उसमे रखे भोजन बनाने के सामान तथा गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया गया है। सोमवार को जब प्रधानाध्यापिका मुनेश कुमारी विद्यालय आई तो घटना का पता चला। प्रधानाध्यापिका ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गौरबतल है कि इससे पूर्व भी गांव भाटखेडी में स्कूल से दो बार चोरी हो चुकी है जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। यही कारण है कि चौरो के हौंसले बुलंद है।

### क्षत विक्षत स्थिति में रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला शव, पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

संस्कार उजाला

**सहारनपुर** नागल थाना नागल क्षेत्र के गांव पांडोली व भाटखेड़ी के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति की ट्रेन से काटकर दर्दनाक मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पिलर नंबर 166/29 के निकट एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने की सूचना 14241 के लोको पायलट द्वारा स्टेशन मास्टर को दी तो तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत पड़े शव के टुकड़ों को इकट्ठा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के गांव भाटखेड़ी निवासी सीताराम सैनी पुत्र फूलसिंह 55 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक मानसिक रूप से परेशान था और मृतक के चार पुत्री तथा एक पुत्र है। अचानक हुई घटना से परिवार में परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### उपकार माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के उत्तर प्रदेश में पहली ब्रांच का उद्धघाटन



संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** चिलकाना नगर के महोल्ला गढ़ी में सोमवार को उपकार माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड का कार्यालय का विधिवत उदघाटन नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी के द्वारा किया गया। चिलकाना सुल्तानपुर में उपकार माइक्रो फाइनेंस कम्पनी के कार्यालय का पूजा पाठ करने के बाद विधिवत रूप से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उदघाटन मे पहुचे नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने सभी पदाधिकारियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। जिसमें उपकार माइक्रो फाइनेंस के सभी पदाधिकारीं मोजूद रहे उपकार माइक्रो फाइनेंस के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर रायपाल सिंह ने बताया कि यह उनकी उत्तर प्रदेश में पहली ब्रांच है। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बेहतर सर्विस प्रदान करना हमारा लक्ष्य है हमारी ब्रांच हरिद्वार ,ऋषिकेश ,रुड़की ,देहरादून इन सभी क्षेत्रो में काम करती है हमारी कंपनी सिबील बेस पर दस हजार से दो लाख तक का लोन सभी प्रकार के लोन ग्राहकों को प्रोवाइड करती है कम से कम टाइम में ग्राहकों को बेहतर सर्विस प्रदान करते है और सभी ग्राहकों को बैंकिंग फैसिलिटी भी देते है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जायर हुसैन, डॉ कुलदीप चौधरी, आकाश काशी, आयुष, हिमांशु गर्ग, कलीराम, कंपनी फाउण्डर रायपाल सिंह, रीजनल बिजनेस हेड प्रमोद कुमार, शरद कुमार ,सत्यवीर तोमर, अंकित कल्याणी, यूनुस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत बैंकों/वित्तीय संस्थानों का किया गया निरीक्षण ।



संस्कार उजाला
**मनोज पाठक इटावा**

दिनांक 25.11.2024 को बैंकों की सुरक्षा के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के सभी थानों की पुलिस द्वारा विभिन्न बैंक शाखाओं व वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग कर पूछताछ की गई। बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी। बैंक डयूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक

## तीतरो थाना प्रभारी संजीव शर्मा ने 18 घंटे में दबोचा हत्या का आरोपी



संस्कार उजाला
**अरविन्द चौहान**
**तीतरों(सहारनपुर)**

ग्राम खड़लना के जंगल में दो दिन पूर्व डुभर किशनपुर निवासी आनंद पुत्र यशपाल सिंह उर्फ पाल्ल 50 वर्षीय की हत्या करने के मामले में तीतरों प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी को किया गिरफ्तार। जिस संबंध में मृतक के भाई ने कोतवाली तीतरों में अंकुर उर्फ राजू पुत्र सुनील शर्मा के विरुद्ध भाई आनंद की हत्या के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी संजीव शर्मा ने जांच पड़ताल शुरू की बड़ी चालाकी से उपरोक्त की हत्या करके शव को राहुल शर्मा पुत्र सुरेश शर्मा निवासी ग्राम खण्डलाना की ट्यूवैल के पास बने कुऐ में डाल दिया जिस संबंध में मामला पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तीतरों प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा के कुशल नेतृत्व में आज दिनाँक 25 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अंकुर उर्फ रासू पुत्र सुनील कुमार शर्मा निवासी ग्राम डूभर किशनपुर थाना तीतरों को रादौर गांव से बाहर गोगा माहडी के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि दिनांक 22. नवंबर की दोपहर को मै आनन्द को खेत पर अपनी इलैक्ट्रिक स्कूटी से अपने साथ ले गया था वहाँ से हम समय करीब साढे तीन-चार बजे खण्डलाना ठेके से शराब व अण्डे लेकर आये उससे पहले भी हमने दिन में शराब का सेवन किया था जिस कारण से आनन्द ज्यादा नशे में था ठेके पर वो स्कूटी पर बैठ नहीं पा रहा था तो ठेके की कैन्टीन संचालक ने हमारे ही गाँव के ओमवीर पुत्र हुकम सिंह ने उक्त आनन्द को पीछे से मेरी स्कूटी पर बैठाया था और मेरी चाद्दर से ही उसने मेरी कमर से बांध दिया था जब मैं उसे लेकर खण्डलाना रादौर मार्ग पर आया तो वह मुझे गाली दे रहा था जिस कारण से मैं उसे अपने बाबा के बाग में ले गया और वहीं पहले हम दोनो ने बैठकर शराब पी व अण्डे खाये उसके बाद वह मुझे गाली देता हुआ बात करने लगा तभी मुझे गुस्सा आ गया और मैंने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया मुझे ज्यादा गुस्सा आ गया था। जिस कारण वहाँ पड़ी ईट लेकर मैंने उसे ईट से मारा जिस कारण उसकी मृत्यु हो गयी थी।डर की वजह से मैंने इसके कपडे वहीं उतार कर आम के पेड की नीचे डाल दिये और इसे खींचता हुआ ले गया था वहीं बाग के सामने राहुल शर्मा के ट्यूवेल पर बने कुए मैं डाल दिया था जिससे कि किसी को इस घटना का पता ना चले। उक्त घटना का खुलासा एसपी देहात सागर जैन ने मीडिया के समक्ष किया।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में तीतरों प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा,व0उ0नि0 राजकुमार सिंह,राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

## छेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी नें किया सड़क का उदघाटन



संस्कार उजाला

चिलकाना नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के वार्ड नंबर 5 में सड़क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक मुकेश चौधरी भाजपा नेता जायर हुसैन चांद, वार्ड नंबर 5 के सभासद अनुपम जैन, चैयरमेन प्रतिनिधि दानिश अंसारी, के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ठेकेदार संजय रोहिल्ला एवं सभासद अनुपम जैन ने बताया कि रोहिल्ला धर्मशाला से शिव मंदिर तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है इससे मोहल्ले वालों को काफी राहत मिलेगी क्योंकि यहां बरसात में पानी भर जाता था जिससे पूरा मोहल्ला जल मग्न हो जाता था सड़क निर्माण होने से मोहल्ले के सभी लोग खुश हैं। वहीं राधेश्याम,घनश्याम, राजू, नीशू कश्यप, ललित कश्यप एवं समस्त मोहल्ले वाशियों नें सड़क बनने पर नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी का आभार जताया उन्होंने बताया की मोहल्ले की सड़क काफी साल से टूटी थी जिस कारण गलियों मे पानी भरा रहता था। इस अवसर पर सभासद अनुपम जैन अनुज जैन जिनेंद्र जैन इमरान अंसारी इनाम अंसारी मरगूब अंसारी दानिश अंसारी यशपाल रोहिल्ला रमेश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## कल मनाया जायेगा संविधान दिवस,वर्ष-पर्यन्त उत्सव के रूप में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**पूर्वान्ह 09:30 बजे ली जाएगी संविधान की शपथ, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण**

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर।** शासन के उच्च आदेशों के क्रम में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस के रूप में मनाया जायेगा। जिलाधिकारी मनीष बसंल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार सहित सरकारी कार्यालयों, स्वायत्तशासी निकायों, संगठनों, स्थानीय निकायों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 26 नवम्बर को पूर्वान्ह 09:30 बजे संविधान की प्रस्तावना का पाठन एवं अन्य विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसी के साथ लखनऊ लोक भवन में माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। श्री मनीष बसंल ने बताया कि हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के साथ कल से वर्ष भर विविध कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जांएगे। भारत के संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। संविधान के अंगीकृत किए जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान के महत्व को दशार्ते हुए समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रजातंत्र को सुदृढ किए जाने की दिशा में नागरिकों को उचित भूमिका निभाए जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। समस्त गतिविधियों संविधान की प्रस्तावना, संविधान को जानना, संविधसान का निर्माण एवं संविधान की महिमा इन चार स्तम्भों पर केन्द्रित होंगी। **constituion75.comhttps://www.mygov.inhttps://mybharat.gov.in/megaevents/constitution-day-samvidhaan-diwas-hamara-samvidhaan-hamara-abhimaan**वेबसाइट पर सामूहिक रूप से प्रस्तावना का पाठन, संविधान पर निर्मित फिल्म का प्रसारण, संविधान की कला पर प्रदर्शनी एवं अन्य कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड किए जा सकते है। इसी के साथ युवा शक्ति द्वारा संविधान से संबंधित मौलिक कर्तव्यों एवं अन्य गतिविधियों में की गई भागीदारी से संबंधित फोटो एवं वीडियो अपलोड किए जा सकेंगे। सभी ग्राम पंचायतों की ग्राम सभाओं में संविधान के अनुच्छेद 51क के अन्तर्गत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों का पाठन भी कराया जाएगा, जीवित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा, ग्रामों में संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान को बताया जाएगा। स्कूल, कॉलेजों में संविधान से संबंधित समस्त जानकारी दी जाएगी एवं वाद-विवाद/सेमिनार, संविधान से संबंधित निबंध, क्विज एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## मा0 कल्लू भारती जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई वाल्मीकि समाज सेवा समिति (रजि0) की बैठक। अनिल कुमार



संस्कार उजाला

**सहारनपुर** झांसी उत्तरप्रदेश गत दिन शनिवार को वाल्मीकि समाज सेवा समिति( रजि 0) झाँसी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संस्था के संरक्षक मा0 कल्लू भारती जी की अध्यक्षता में, संस्था के मुख्य कार्यालय 696/ चांद गेट बाहर नई बस्ती झाँसी पर किया गया, बैठक में मुख्य अतिथि संस्था के मुख्य संरक्षक मा0 श्री रमेश चंद्र महर्षि जी रहे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को पिछले बर्ष का ब्यौरा सौंपते हुए नई कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें आगामी वर्ष 2025 के लिए सर्व सहमति से इस वर्ष कार्यक्रम के अध्यक्ष मा0 प्रशान्त(गोलू) जी को, कोषाध्यक्ष मा0 विमल मेहरौलिया जी को, एवं महामंत्री मा0 दीपक चावरे जी को चुना गया इसी बीच मा0 कार्यक्रम अध्यक्ष जी द्वारा अगले वर्ष 2025 में दिनाँक 16/2/2025 दिन रविवार को संस्था द्वारा सातवां सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी लिया जिसमें उपस्थित सभी माननीय पदाधिकारियों व माननीय सदस्यों ने अपनी सहमति दी एवं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श विवाह समारोह भव्यता पूर्वक करने का निर्णय लिया। इस दौरान मुख्य संस्थापक रमेश चंद्र महर्षि जी,संरक्षक कल्लू भारती जी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मा0 सरमन महन्त जी, महासचिव इंद्रजीत (बादशाह)जी, सह उपाध्यक्ष राहुल चंडारिया जी,महासचिव सिकन्दर चंडालिया जी,आय व्यय निरीक्षक सचिन कांगडे, सचिव अरविन्द चन्दौरिया जी, मंत्री शिवकुमार महर्षि जी, प्रचार मंत्री शशिकान्त सिगौते जी,एंव भाई अनिल कुमार जी,पूर्व अध्यक्ष वाल्मीकि समाज सेवा समिति (रजि0) झाँसी उत्तर प्रदेश आदि उपस्थित रहे।

## नागल में दुर्घटना के बाद हाईवे पर पड़े क्षतिग्रस्त वाहन फोटो 1500 सीडकी लाखनोर मार्ग पर बस की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार

**सहारनपुर दुर्घटनाओं के नाम रहा सोमवार का दिन -बस ट्रैक्टर की भिड़ंत में ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे**





संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** नागल सोमवार दोपहर स्टेट हाईवे पर बस व ट्रैक्टर ट्राली की आमने-सामने भिडंत में ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। घटना में ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हाईवे पर दोनों ओर जाम लग गया। जिसे स्थानीय पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। मुजफ्फरनगर गागलहेडी स्टेट हाईवे पर सड़क मरम्मत कार्य चल रहा है। जिस पर ट्रैफिक को वन वे किया गया है। दोपहर करीब सवा एक बजे थाना मंडी के हबीबगढ़ निवासी मनव्वर अपना खाली ट्रैक्टर ट्राली लेकर देवबंद की ओर जा रहा था, सामने की ओर से आ रही भैंसाली डिपो की रोडवेज बस से उसकी ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया तथा ट्रैक्टर चालक मनव्वर उछलकर सड़क किनारे जा गिरा। घटना में ट्रैक्टर चालक मनव्वर मामूली रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हाईवे पर दोनों और लंबा जाम लग गया, पुलिस ने हाईवे के बीच पड़े क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। इसके अलावा थाना क्षेत्र में तीन स्थानों पर हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो किशोर व एक महिला सहित छह घायल हो गए। सीडकी लाखनौर मार्ग पर एक कार व बस की आमने सामने की टक्कर में कार चालक उमाही निवासी दिलदार घायल हो गया, जबकि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। परिजनों ने दिलदार को जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां उसका उपचार चल रहा है। रात करीब 10 बजे सरसीना के निकट एक बाइक के असंतुलित होकर सड़क किनारे गिर गई जिसमें बाइक चालक नगली मेहनाज निवासी अमन, पत्नी किरण व नेपाल के काठमांडू निवासी विशाल घायल हो गए। सोमवार दोपहर कस्बे के गुरुद्वारा रोड पर दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक सवार थाना देहात कोतवाली के पाडली निवासी जकी, चिलकाना के मरुदगढ निवासी अब्दुल असद घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध का कहना है कि मामलों में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है।

## भारतीय किसान यूनियन टिकैत का रिश्वतखोरी के खिलाफ बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना



संस्कार उजाला
**जहांगीरपुर( सुहैल खान)**

विद्युत विभाग के रिश्वत खोरी को लेकर अनिश्चित कालीन धरना ठाकुर देवेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष खुर्जा के नेतृत्व में हो गया है,इससे पहले 27सितंबर 2024को उपजिलाधिकारी महोदय खुर्जा को ज्ञापन दिया था ,जिसमें विभिन्न ग्रामों की विभिन्न समस्याएं थी मुख्य समस्याएं बिजली विभाग से संबंधित थी सभी समस्याओं के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी महोदय खुर्जा ने समय दिया था लेकिन जितनी भी समस्याएं थीं जस की तस बनी हुई है और उगाही के नाम पर कनेक्शन काटे जा रहें है जबकि क्षेत्र में लाखों की बकायेदार है उनसे हर महीने अवैध रूप से उगाही हो रही है आज दिनांक 25 नवंबर को जिनका बिल मात्र 18या 20हजार है उनके कनेक्शन काटकर पीड़ितों को बिजली घर बुलाकर कनेक्शन जोड़ने के नाम पर बिजली घर जहांगीरपुर के अधिकारी पीड़ितों से कनेक्शन जोड़ने के नाम पर किसी से 10 तो किसी से5 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं आज इसी भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता आक्रोश में है इसी के चलते आज जहांगीरपुर बिजली घर पर बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी के बैनर तले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकताओं ने बिजली विभाग से संबंधित सभी समस्याओं का निस्तारण हेतु अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन चालू कर दिया है।मौके पर मौजूद है रामवीर सिंह गौतम मंडल महासचिव मेरठ सुरेश कुमार मंडल प्रचार मंत्री मेरठ सुरेश डी एम ठाकुर सतपाल सिंह जिला सचिव बुलंदशहर जफर मलिक आदि

## आई0 पी0 एस महाविद्यालय , गंगोह में लालित्य कला प्रदर्शनी का आयोजन...





संस्कार उजाला
**संवाददाता सहारनपुर**

तीतरो छात्रों के मनोबल , उनकी मेहनत को प्रोत्साहित करने एवं बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज गंगोह (सहारनपुर) के प्रांगण मे लालित्य कला प्रदर्शनी 2024 का आयोजन किया गया क प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि रुचि गुप्ता सीइओइ (उत्तर प्रदेश पुलिस) गंगोह, डॉइ महेश कुमार कला विभाग अध्यक्ष जेवी जैन कॉलेज सहारनपुर, संस्था निदेशक डॉइ के एस चौहान, संस्था सचिव नरेंद्र तायल एवं सीमा तायल, संस्था अध्यक्ष अमित गर्ग, प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से सीता काट कर किया क लालित्य कला प्रदर्शनी में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से कला संकाय के कक्षा 9 से 12 के आमंत्रित छात्र-छात्राओं और उनके शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ प्रतिभाग किया क प्रदर्शनी में अनेक विद्यालयों से प्राप्त एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज गंगोह के फाइनल आर्ट्स संकाय के विद्यार्थियों की विविध विषयों पर 200 से अधिक कलाकृतियों को प्रस्तुत किया गया क प्रदर्शनी में आर्य कन्या इंटर कॉलेज गंगोह से नीराह अफजल, आफरीन एवं गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी से शिवा , पूजा , नितिन , सक्षम , सिमरन आदि की कलाकृतियां एवं लघु चित्रण की दसको ने बहुत प्रशंसा की क वहीं अन्य विद्यालयों अनीता देवी इंटर कॉलेज सलारपुर से सलोनी , नेहा , इशा आदि एवं भी जनता इंटर कॉलेज बिलासपुर से शिवम , स्वीटी आदि के द्वारा बनाए गए लघु चित्रण प्रकृति चित्रण एवं सरनात्मक चित्रण ने दर्शकों का खूब मन मोहा क सीइओइ गंगोह रुचि गुप्ता ने लालित्य कला प्रदर्शनी में प्रदर्शिनी प्रदर्शित कलाकृतियों का बहुत बारीकी से उत्साह पूर्वक अवलोकन किया क इस प्रकार की प्रदर्शनी को रोजगार परक बनाने का संदेश दिया क प्रोफेसर डॉइ महेश कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में इतनी उपयोगी व सुंदर कला कौशल प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए कला कौशल को रोजगार के रूप में अपने के लिए प्रेरित किया कवहीं संस्था के निदेशक डॉइ जेइएसइ चौहान ने आगंतुको का सहष से धन्यवाद करते हुए बताया कि कला ही है जिसमें मानव मन में संवेदनाएं उभरने प्रवृत्तियां को डालने एवं चिंतन को मोड़ने एवं अभिरुचि को दिशा देने की अद्भुत क्षमता है कइस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आमंत्रित प्रधानाचार्य जगन्नाथ इंटर कॉलेज शुभम गुप्ता, प्रधानाचार्य सिल्वर ऑक पब्लिक स्कूल भूपेंद्र सिंह , गीता ज्ञान संस्कार अकेडमी से उप प्रधानाचार्य पूजा , आर्य कन्या इंटर कॉलेज गंगोह से कला शिक्षिका रूपा, सारंग एवं मंजू गर्ग , जनता इंटर कॉलेज बिलासपुर से शिक्षिका निक्की कुमारी का उल्लेखनीय योगदान भी रहा क इस अवसर पर फाइनलआर्ट्स संकाइ, दीपा,हिमानी,अक्षिता,शिखा,प्राची, राधा,अमन,मेहनाज निशांत आदि की कलाकृतियों की बहुत प्रशंसा हुई क प्रदर्शनी के आयोजको चेतन शर्मा, चिंकी करणवाल,पारुलपाल,प्रीति धीमान आदि के कार्य की बहुत प्रशंसा भी की गई क

## श्याम प्रेमियों ने नगर भ्रमण कर श्रीश्याम नगरी के लिए की पदयात्रा शुरू



संस्कार उजाला
**जहांगीरपुर :( सुहैल खान)**

सोमवार को श्याम प्रेमियों ने रामलीला मैदान से सुबह 10:00 बजे डीजे और बैंड बाजो के साथ भक्ति धुन में नगर भ्रमण किया। नागर भ्रमण के समय लोगो ने अपने घरों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। डीजे पर श्री खाटू श्याम के भजन सुन भक्तों के पैर थरकने लगे और नाचने को मजबूर हो गए। भक्ति की धुन में नाचने वालों की भीड़ लग गई।पूर्व चेयरमैने मूलचंद शर्मा ने भक्तों को तिलक लगा और पटका पहना कर स्वागत किया। और कहा नगर के लिए सौभाग्य की बात है नगर से भक्तों का जत्था श्री श्याम नगरी के लिए रवाना हो रहा है। श्री खाटू श्याम सेवा समिति जहांगीरपुर के नेतृत्व में श्याम भक्तों को बस अड्डा से अपने गंतव्य के लिए रवाना किया गया। वहीं प्रबंधक राहुल बंसल ने बताया कस्बा जहांगीरपुर में प्रथम बार श्याम भक्त निशान यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। कस्बा जहांगीरपुर से श्री खाटू श्याम सीकर राजस्थान के लिए पदयात्रा करते हुए पहुंचने का लक्ष्य है।नगर भ्रमण पर कुलदीप शर्मा,गुप्ता जी,मोनू अग्रवाल,अंशुल मंगला, दीपक अग्रवाल ,राजू अग्रवाल, गौरव शर्मा,दीपू जादौन आदि सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 संगठन की प्रधान कार्यालय लखनऊ पर बैठक हुई संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन सहित कई मुद्दों पर की गई चर्चा



संस्कार उजाला

**लखनऊ** ,संगठन के मुखिया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में लखनऊ कार्यालय पर जिला स्तरीय हुई बैठक सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके मां सरस्वती जी का पूजन अर्चन करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई कार्यक्रम में 30 जिलों से आए जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ को माला पहनाकर और नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया और सभी ने अपने अपने बिचार रखे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर चिंता जताते हुए कहा की जिसे हम लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही आज खतरे से खाली नहीं है आए दिन पत्रकारों के साथ घटनाएं घटती रहती हैं पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर सच्चाई को लिखना है उसे कोई भी दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन उसका विरोध करेगा उन्होंने केंद्र सरकार राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि देश में पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करना न्यायहित में है श्री मिश्रा ने कहा पत्रकारों की सेवा करना हमारा कर्तव्य है साथ ही विगत वर्षों की भांति नव वर्ष में होने वाले संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन एवं पत्रकार सम्मान समारोह पर पर चर्चा करते हुए कहा इस अधिवेशन में पूरे भारत से हर राज्य से पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा लखनऊ की बड़ी बड़ी सम्मानित हस्तियां शिरकत करेंगी। आपको बता दें राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 संगठन उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य प्रदेशों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है और संगठन पत्रकारों की समस्याओं के लिए हर संभव मदद करता रहता हैं उन्होंने कहा सभी जिला अध्यक्ष अपने-अपने जिले में संगठन को मजबूत करने का कार्य करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर चलें और संगठन को मजबूत करने का कार्य करें

# गुण्डा एक्ट के तहत 16 अपराधी हुए जिला बदर,16 व्यक्तियों को 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**बहराइच** जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 16 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 16 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना रूपईडीहा अन्तर्गत ग्राम हरबंशपुर दा. देवरा नि. गोपाल पुत्र ननकू, थाना रामगांव के ग्राम बभनीचक दा. नेवादा नि. मोहित व अनिल मिश्रा पुत्रगण दुलभ उर्फ राम नरायन, थाना खैरीघाट के ग्राम बसवान वेली दा. बांसगढ़ी नि. छंगा पुत्र कनौजी लोध, थाना रिसिया के ग्राम डिहवा नि. राहत अली पुत्र मुन्नन, थाना कैसरगंज के ग्राम टाड़ेचतुर नि. दिलीप वर्मा उर्फ राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामयश, थाना कोतवाली देहात के ग्राम शाहपुर जोत यूसुफ हठीला नि. मुन्ना पुत्र लियाकत, थाना बौण्डी के ग्राम डिहवाकलां नि. पंकज पुत्र रामेश्वर, थाना हुजूरपुर के ग्राम चकजगतापुर नि. चैतू यादव पुत्र कोयले यादव, चन्दन, अंकित व अनुराग पुत्रगण जगदम्बा प्रसाद, थाना मोतीपुर के ग्राम मटेहीकलां नि. राकेश उर्फ रामकेस व राम उग्रह उर्फ उग्रे तथा थाना पयागपुर के ग्राम गुलहरिया दा. त्रिकोलिया नि. राम प्यारे व रमेश कुमार को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसी प्रकार थाना नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम रामनगर सेमरा नि. मो. रजा उर्फ सिक्खा बाबा पुत्र मुख्तियार, थाना दरगाह शरीफ के ग्राम चैतूपुरवा नि. रितेश कुशवाहा पुत्र मनोज कुशवाहा, थाना रूपईडीहा के ग्राम भटपुरवा दा. निधिनगर संकल्पा नि. सोनू उर्फ समय भान पुत्र सुरेन्द्र सिंह, थाना सुजौली के ग्राम बिहारीपुरवा दा. चहलवा नि. मेवालाल पुत्र प्रभु, थाना विशेश्वरगंज के ग्राम कन्छर नि. राकेश कुमार गौतम पुत्र त्रिवेणी प्रसाद, गंगवल बाजार निवासी इरफान पुत्र बड़काऊ उर्फ गुलाम मोहम्मद, थाना मोतीपुर के ग्राम ताड़पुरवा दा. कतर्निया नि. कैलाश पुत्र श्रीराम, थाना कोतवाली नगर के मो. चांदपुरा नि. मो. फहीम पुत्र मो. नईम, थाना रानीपुर के ग्राम ऐलिहा नि. अनिल कुमार उर्फ जुजु यादव पुत्र माधवराम उर्फ माधे, थाना कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम मिश्रापुर दा. गंगापुर नि. उत्तम पुत्र राम स्वरूप, पृथ्वीपुरवा दा. हरखापुर नि. लल्ला पुत्र मोहम्मद हुसैन, थाना कोतवाली देहात के ग्राम बंजारी मोड़ दा. शेखदहीर नि. राशिद पुत्र रसीद, थाना पयागपुर अन्तर्गत बस स्टाप पयागपुर नि. नवीन कुमार उर्फ रोविन्द कुमार पुत्र सेरेन्द्र उर्फ पप्पू यादव, थाना जरवलरोड के ग्राम लोनियनडीहा मो. अग्रवाल जरवल कस्बा नि. निरंजन चौहान पुत्र छोटेलाल व छंग्गा लाल पुत्र मनोहर तथा थाना बौण्डी के ग्राम जगरहनपुरवा दा. राजा रेहुवा नि. पवन कुमार पुत्र अमेरिका को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# संविधान दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा मुख्य समारोह

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**बहराइच** संविधान दिवस 26 नवम्बर, 2024 को स्वतंत्रता के अमृत काल के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में वर्ष-पर्यन्त विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। यी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि 26 नवम्बर 2024 को जनपद मुख्यालय, समस्त नगर निकायों/ जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों/ग्राम पंचायतों तथा शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में लोक भवन स्थित सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया जायेगा। जनपद में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक आयोजित करने हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी नगर निकाय, नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त निकायों के अधिशासी अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं.) को उत्तर दायित्व सौंपा गया है।

# रेडियो कॉलर बांधकर तेंदुए को छोड़ने की थी तैयारी, फ्लॉप हुआ मिशन

## दो दिन बाद वन विभाग की कैद से आजाद हुआ तेंदुआ

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजपुर बनकटी में पिछले दिनों तेंदुए द्वारा एक बच्चे को निवाला बनाने के बाद ग्रामीणों की मांग पर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था जिसके बाद कई दिनों तक चखमा देने के बाद तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया था जिसे रेन्जर कतर्नियाघाट आशीष गौंड के नेतृत्व में रेंज कार्यलय कतर्नियाघाट ले जाया गया। जहां उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तेंदुए को दो दिनों तक कैद में ही रखा गया। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला की तेंदुए को डब्ल्यू डब्ल्यू एफ की ओर से गर्दन में



रेडियो कॉलर बांधकर कर उसे छोड़ने की तैयारी थी ताकि उसके मूवमेंट पर नजर रखा जा सके। लेकिन कॉलर बांधते समय कॉलर उसके गर्दन में फिट नही बैठा छोटा पड़ गया जिसकी वजह से रेडियो कॉलर का मिशन फेल हो गया जिसके बाद तेंदुए को कतर्नियाघाट के ही जंगल में रिलीज कर दिया गया। बतादें की बाजपुर बनकटी गांव से एक तेंदुआ पकड़ा जा चुका है लेकिन अभी दूसरे तेंदुए का आतंक जारी है। ग्रामीणों में तेंदुए की दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुआ लगातर गांव में चहलकदमी करते देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने दूसरे तेंदुए को पकड़ने की गुहार वन विभाग से लगाई है।

# सुबह हिरन को दौड़ाता दिखा बाघ, बाघ एवं तेंदुओं की संख्या में हुई बढ़ोतरी

## सफारी के दौरान पर्यटकों को लगातार दिख रहे बाघ

संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**बहराइच।** कतर्नियाघाट नवंबर माह में कतर्निया प्रभाग के द्वार पर्यटको हेतु खोल दिए गए हैं। पर्यटन सत्र शुरू होते ही देसी और विदेशी पर्यटकों का कतरनिया आना शुरू हो गया है। जंगल घूमने आने वाले पर्यटकों की पहली इच्छा जंगल के राजा बाघ को देखने की होती है लेकिन जंगल में बाघ का दर्शन करना काफी दुर्लभ होता है। इस बार पर्यटको के लिए सबसे अच्छी खबर यह है कि जंगल सफारी के दौरान उन्हें आसानी से जंगल के राजा के दर्शन हो रहे है। पर्यटन सत्र शुरू हुये अभी मात्र तीन सप्ताह ही हुए हैं कि इस बीच पर्यटक कई बार बाघ का दर्शन कर चुके हैं। कर्तनियाघाट इको टूरिज्म सेंटर के मुख्य द्वार पर तैनात वन निगम के नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को जंगल भ्रमण पर आये कई पर्यटकों को सुबह-सुबह ही कर्तनिया रेंज के मुख्य द्वार पर बाघ एक हिरन को दौड़ाता दिखाई दिया। बाघ को अपने शिकार की तरफ दौड़ते देख पर्यटक काफी रोमांचित हुए। इसके बाद शाम को वन निगम की गाड़ी पर जंगल सफारी कर रहे लखनऊ, लखीमपुर एवं दिल्ली के



पर्यटकों को जंगल के राजा बाघ को जंगल में टहलते देखने का अवसर प्राप्त हुआ। लखनऊ के सेवानिवृत इंजीनियर जियाउलहक उर्फ गुड्डू, दिल्ली के पर्यटक आतिफ एवं निदा लखीमपुर के पर्यटक संस्कार अग्रवाल एवं सौम्या अग्रवाल ने बताया कि बाघ को देखना एक रोमांचकारी अनुभूति रही। कतरनिया के जंगलों की खूबसूरती देख हम लोग काफी उत्साहित हैं। कर्तनिया इको टूरिज्म के अनुभाग अधिकारी अक्षत सिंह ने बताया कि कतरनिया प्रभाग के घने जंगल बाघों को अपने वास स्थल हेतु अधिक प्रभावित करते हैं यही कारण है कि वर्तमान समय में यहां के जंगलों में बाघों की संख्या 59 के करीब है। बाघों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण ही पर्यटकों को सफारी के दौरान आयदिन बाघ दिख रहे है उन्होंने बताया कि वन निगम की ओर से पर्यटकों को बोटिंग भी कराई जाती है डॉल्फिन, मगरमच्छ कछुआ एवं नदी के तट पर पानी पीने आए हाथियों के झुंड को भी देखा जा सकता है।

## संक्षिप्त डायरी

### आत्महत्या के दोशरोपण से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार



संस्कार उजाला
डॉ0सै0अब्दुल खबीर

**नानपारा** बहराइच पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियो एवं जुर्म जरायम मादक पदार्थ के रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बहराइच दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नानपारा प्रदीप कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में टीम गठित कर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 568/2024 धारा 108 भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अब्दुल कादिर पुत्र अब्दुल शकूर खान निवासी नव्वापुरवा दा० गुलालपुरवा थाना कोतवाली नानपारा जनपद बहराइच को आज दिनांक 25.11.2024 को गिरफ्तार कर बाद विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### जिलाधिकारी इटावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रेरणा सभागार विकास भवन इटावा में आयोजित वीरांगना सम्मान कार्यक्रम में महिला हित के कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित ।



संस्कार उजाला
मनोज पाठक इटावा

उ0प्र0 शासन द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार नई योजनाएं चलाई जा रही हैं, महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार नए आयाम स्थापित किए जा रहें हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत आज दिनांक 25.11.2024 को जिलाधिकारी इटावा श्री अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रेरणा सभागार विकास भवन इटावा में आयोजित वीरांगना सम्मान कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया गया एवं विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढाया गया । उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में मिशन शक्ति फेज-5 कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, इस कार्यक्रम के तहत भावी पीढियों को प्रेरित करते हुए महिला सशक्तिकरण को बढावा देना है, महोदय द्वारा महिला एवं बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुकता किया गया । महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों व महिला हिंसा से सम्बन्धित जानकारी दी गयी साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरः- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108 चाइल्ड लाइन-1098 स्वास्थ्य सेवा-102 महिला हेल्पलाइन-181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 साइबर हेल्पलाइन-1930 तथा साइबर अपराधों के बारें में सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया ।उल्लेखनीय है कि शासन और पुलिस विभाग द्वारा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस दिनांक 03.10.2024 से मिशन शक्ति के तहत पंचम चरण का अभियान 90 दिवस तक चलाया जाएगा जिसमें निम्न 09 प्रकार के अभियान शामिल हैं-महिलाओं से संबंधित साइबर अपराध के पंजीकृत अभियोगों एव प्रार्थना पत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण करने के लिये ‟ऑपरेशन गरुण‟ चलाया जा रहा है एसिड की अवैध बिक्री के विरूद्ध ‟ऑपरेशन शील्ड‟ अभियान चलाया जा रहा है। अश्लील सीडी/डीवीडी/पुस्तकें साहित्य सामग्री आदि की चेकिंग, बरामदगी एवं जब्तीकरण के लिये ‟ऑपरेशन डेस्ट्राय‟ चलाया जा रहा है । बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरूद्ध प्रदेश स्तरीय अभियान चलाकर बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु ‟ऑपरेशन बचपन‟ चलाया जा रहा है । गुमशुदा बच्चों/बालिकाओं हेतु रेलवे स्टेशनों,बस स्टेशनों, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय ग्रहों आदि का भौतिक निरीक्षण करना एवं बरामद बच्चों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान ‟ऑपरेशन खोज‟ चलाया जा है । महिला स्कूल/कालेज के आसपास तथा वल्नरेबल स्पॉट्स पर अवांछनीय तत्वों व मनचलों के विरुद्ध ‟ऑपरेशन मजनू‟ चलाया जा है । शराबी नशेडी एंव अन्य प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन करने वाले अभ्यस्त व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं ऐसे संदिग्ध स्थलों का चिन्हीकरण करते हुये विधिक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिये ‟ऑपरेशन नशा मुक्ती‟ अभियान चलाया जा रहा है ।मानव तस्करी कर लायी गयी महिलाओं बालिकाओं को रेस्क्यु करना एवं उन्हे पुनर्वासित करने के संबंध में विधिक कार्यवाही करने हेतु ‟ऑपरेशन रक्षा‟ चलाया जा रहा है । महिला सम्बन्धी अपराधों मे वांछित/प्रकाश मे आये अभियुक्तों तथा जेल से बाहर आये अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु ‟ऑपरेशन ईगल‟ चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी श्री अभिनव रंजन व अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा श्री अभयनाथ त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी/कर्म0गण उपस्थित रहे ।

# राम जन्म की मनोहरी कथा का वर्णन सुन श्रोता हुए भाव विभोर

संस्कार उजाला

**शाहजहांपुर।** ग्राम बरुआ पट्टी स्नायक में मां शक्ति देवी मंदिर परिसर में हो रही नव दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास योगेश दीक्षित महाराज ने राम जन्म की मनोहरी कथा का वर्णन किया। अवध घर आनंद भयो जय रघुवर लाल की₹ बधाई पर सभी ग्रामवासी भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया जहां कभी युद्ध ना हो वही अयोध्या है, जहां किसी का वध ना हो वही अवध है यह स्थिति तब बनती है जब पारस्परिक प्रेम हो। जिसने अपनी दसों इंद्रियों को परमात्मा की प्राप्ति का साधन बना लिया वही दशहरा है ऐसे दशरथ जी के यहां परमात्मा का प्राकट्य होता है। संसार में जो भी व्यक्ति आता है उसे किसी न किसी प्रकार की चिंता अवश्य रहती है ऐसे ही एक बार महाराज दशरथ को भी पुत्र न होने की ग्लानि हुई और वशिष्ठ जी के पास गए गुरु जी ने चार पुत्र होने



क ा
आशीर्वाद दिया तत्पश्चात श्रृंगी ऋषि के माध्यम से वशिष्ठ जी ने पुत्रेष्टि यज्ञ का आयोजन किया यज्ञ भगवान ने खीर का प्रसाद प्रदान किया जिसे तीनों रानी कौशल्या कैकेई सुमित्रा ने ग्रहण किया तत्पश्चात दशरथ जी के यहां चार पुत्रों का प्राकट्य हुआ। पुत्र जन्मोत्सव पर अयोध्या में बधाइयां गाई गई ।शंकर जी और काक भुषुणि जी ने भी राम जी के बाल रूप का दर्शन किया तत्पश्चात वशिष्ठ जी ने चारों बेटों का नामकरण क्रमशः राम लक्ष्मण भरत और शत्रुघ्न के रूप में किया। कथा व्यास ने बताया श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ श्री रामकथा प्रेम यज्ञ श्रीमद्भगवत गीता जीवन दर्शन और अनाधिकार चेष्टा महाभारत है। कामी, क्रोधी और लोभी कथा के कुपात्र नहीं हैं। इस अवसर पर श्रीपाल सिंह,भूरे सिंह कोटेदार बलवीर सिंह रमेश सिंह, गोपी सिंह आदि श्रद्धालुओं ने कथा को श्रवण किया। कथा आयोजन समिति ने बताया 2 दिसंबर को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ श्री रामकथा का विश्राम होगा।

# मंत्री ने धान खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण, किसानों के हित में दिए सख्त निर्देश

संस्कार उजाला
जनपद शाहजहांपुर

**शाहजहांपुर** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उ0प्र0 सरकार/जनपद के प्रभारी नरेंद्र कश्यप ने रोजा मंडी पहुंचकर सरकारी धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। मा0 मंत्री जी ने धान की गुणवत्ता तथा किसानों का रजिस्ट्रेशन, मंडी में धान की आवक एवं भुगतान सहित आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को भुगतान निर्धारित समय से किया जाए। उन्होंने कहा कि 50 कुंतल तक बिना सत्यापन के किसान अपना धान सरकारी क्रय केंद्रों पर तोल करा सकता है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में 22000 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें से 17000 किसानों का सत्यापन हो चुका है और 7000 किसानों ने अपने धान की तोल करा ली हैं। मा0 मंत्री जी ने मंडी में आए ग्राम डाकिया तिवारी निवासी कृषक



निर्वैर सिंह से पूछा की धान की तोल कराने में किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं हुई। कृषक ने बताया की धान लाने एवं तोल कराने में कोई समस्या नहीं हुई है तथा भुगतान भी बैंक खातें में समय से मिल रहा है। उन्होंने कृषक से उसकी उपज एवं एमएसपी के संबंध में पूछा तो उसने बताया कि सरकार द्वारा जो एमएसपी तय की गई है उसे धान एवं गेहूं का अच्छा रेट मिल रहा है और किसानों के आय दोगुनी होने सार्थक हो रही है। कृषक ने बताया गेहूं, धान उपज का सही मूल्य मिल रहा है। कृषक ने कहा कि खाद, बीज आदि की कोई समस्या नहीं है। सरकार द्वारा समय से खाद, बीज एवं दवाईयां समय से उपलब्ध हो रही जिससे किसानों की उन्नत हो रही है। माननीय मंत्री जी ने जिलाधिकारी से कहा कि किसानों के साथ किसान पंचायत की बैठक कर उनसे उनकी आए बढ़ोतरी एवं उपज के संबंध में जानकारी प्राप्त की जाए तथा उनके द्वारा बताए गए उपायों से शासन को भी अवगत कराया जाए। मा0 मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होने सरकारी धान क्रय केन्द्रो पर सभी जरूरी व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की सुविधाओं के लिए बनाए गए नियमों का सख्ती से पालन किया जाए जिससे कि उन्हें किसी प्रकार कोई समस्या का सामना न करना पडें। किसान से किसी भी प्रकार की शिकायत आती है तो संबंधित अधिकारी द्वारा प्राथमिकता पर कार्रवाई की जाए।

# पश्चिमी सभ्यता को त्यागकर बृजभूमि के संविद् गुरुकुलम ने अपनाया गौ प्रेम रविन्द्र आर्य

## सच्चा सुख प्रकृति और संस्कृति से जुड़ने में है।

संस्कार उजाला
रिपोर्टः रविन्द्र आर्य

**वृन्दावनः** भारतभूमि के बृजमण्डल ने भारतीय संस्कृति, गौ सेवा और मूल्यों की अद्भुत व्याख्या की है। गाय को जगत की माता₹ मानने की परम्परा न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। वृन्दावन के बृजभूमि में संविद् गुरुकुलम द्वारा अपनाई गई यह परम्परा आधुनिक युग में एक अनुकरणीय उदाहरण है। यह विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता और संस्कृति के गहरे मूल्यों से परिचित कराता है और उनके मन में करुणा, दया, सेवा भावना और प्रकृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देता है। स्वास्थ्य, कृषि और



पर्यावरण के लिए गौ माता का योगदान अमूल्य है। इनके उत्पादों का उपयोग न केवल पोषण में बल्कि जैविक कृषि और औषधीय उपचार में भी किया जाता है। ऐसे समय में जब जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत उत्सव दिखावे और भौतिकवाद से जुड़ गए हैं, संविद गुरुकुलम की यह पहल पश्चिमी संस्कृति को दरकिनार करते हुए हमारी संस्कृति के सच्चे मूल्यों को पुनर्जीवित करने का प्रयास करती है। गौशाला में जाना और गाय को छूना, उसकी सेवा करना और उसका आशीर्वाद लेना न केवल बच्चों में आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करता है बल्कि उन्हें यह भी सिखाता है कि सच्चा सुख प्रकृति और संस्कृति से जुड़ने में है। यह परंपरा भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है और उन्हें यह समझने में मदद कर सकती है कि भारतीय संस्कृति में हर परंपरा के पीछे एक गहरा अर्थ और समृद्ध दर्शन छिपा है। गावो विश्वस्य मातरः₹ और ₹तां धेनु शिरसा वंदे भूतभवस्य मातरम्₹ जैसे श्लोक इस भावना को और मजबूत करते हैं, हमें सिखाते हैं कि गाय की सेवा केवल एक शारीरिक कार्य नहीं है बल्कि आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संतुलन स्थापित करने का एक साधन है।

# महाराष्ट्र रिजल्ट, अखिलेश को गठबंधन इग्नोर नहीं कर पाएगा



समाजवादी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के बाद महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव में भी अपने प्रत्याशी उतारे। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी अपनी साख बचाने में कामयाब रही। पार्टी ने यहां अपनी दोनों सीटें जीत लीं। यहां जिस तरह का रिजल्ट आया और इंडी गठबंधन का हश्र हुआ, उससे एक बात तो साफ है कि अखिलेश यादव को कांग्रेस और गठबंधन के साथी इग्नोर नहीं कर सकते। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में 12 सीटों की मांग कर रही थी। लेकिन समझौता न होने पर सपा ने 9 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए। हालांकि, बाद में सपा ने चार उम्मीदवारों को बैठा दिया और पांच सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इन पांच में से दो सीटों पर सपा को जीत हासिल हुई। अबू आसिम आजमी ने मानखुर्द शिवाजीनगर से जीते तो वहीं भिवंडी ईस्ट से रईस अख्तर को बड़ी जीत मिली। मुस्लिम वोटों के बिखराव के कारण औरंगाबाद ईस्ट में भाजपा को जीत नसीब हुई। यहां अक्टक्ट के इम्तियाज जलील दूसरे नंबर पर रहे। वह 2162 वोटों से भाजपा से पीछे रह गए। समाजवादी पार्टी के गफ्फार कादरी को यहां 5943 वोट मिले। कांग्रेस यहां तीसरे नंबर पर, जबकि सपा पांचवें नंबर पर रही। 2 सीटों पर महाविकास अघाड़ी के साथ लड़े, बाकी सीटों पर अकेले सपा महाराष्ट्र में उन दो सीटों पर महाविकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी, जहां उसके पहले से विधायक थे। यानी मानखुर्द शिवाजीनगर और भिवंडी ईस्ट में महाविकास अघाड़ी ने और कोई उम्मीदवार नहीं उतारा। जबकि, समाजवादी पार्टी ने सात और सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिए थे। जिन 9 सीटों पर सपा ने अपने प्रत्याशी उतारे थे, उनमें से 2 पर सपा, 4 पर भाजपा, एकझ्एक पर शिवसेना, शिवसेना यूबीटी और AIMIM ने जीत हासिल की। मानखुर्द शिवाजीनगर और भिवंडी ईस्ट में जीत के अलावा भिवंडी वेस्ट में सपा दूसरे नंबर पर रही। यहां रियाज आजमी दूसरे नंबर पर रहे, जबकि एनसीपी शरद पवार की पार्टी चौथे नंबर पर रही। यहां भी जीत भाजपा की हुई। सपा दो सीटों पर तीसरे नंबर पर भी रही।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन में आयुर्वेद का बढ़ता प्रभाव, 10 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टरों की होगी भर्ती



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। अब ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना (एनएचएस) में आयुर्वेद को औपचारिक रूप से शामिल करने की तैयारी शुरू हो गई है। एक सर्वदलीय कमेटी ने आयुर्वेद को एक प्रभावी और बेहतर चिकित्सा पद्धति बताते हुए इसकी सिफारिश की है। यह भारतीय आयुर्वेदिक डॉक्टरों के लिए एक बड़ी खुशखबरी साबित हो सकती है। ब्रिटेन में अगले पांच साल में 10 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टरों की भर्ती की जाएगी। साथ ही, ब्रिटेन में आयुर्वेद से संबंधित सौंदर्य, स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थानों की संख्या भी पांच साल में 500 तक पहुंचने का अनुमान है। ब्रिटेन में आयुर्वेद के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है। वर्तमान में ब्रिटेन में आयुर्वेद से जुड़ी लगभग 100 संस्थान हैं, लेकिन अगले कुछ सालों में इनकी संख्या बढ़कर 500 हो सकती है। यह बदलाव खासकर सरकारी और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है, जहां आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है।

### भारतीयों के लिए यूरोप का वीजा लेना हुआ मुश्किल, पहले से तीन गुना जटिल हुई प्रक्रिया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय यात्रियों के लिए यूरोप के 29 देशों का शेनजेन वीजा प्राप्त करना दिनों-दिन जटिल होता जा रहा है। 2013 से 2023 के बीच शेनजेन जोन में वीसा अर्जियों के रद्द होने की दर 5 प्रतिशत से बढ़कर 16 प्रतिशत हो गई है। इस बढ़ती कठिनाई के कारण भारतीय यात्रियों को यात्रा योजनाओं में कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। शेनजेन वीजा के लिए सामान्य फीस 6000 रुपए है, लेकिन भारतीयों को अतिरिक्त 1900 रुपए चुकाने पड़ते हैं। जबकि ब्रिटिश वीजा 12,700रुपए और अमेरिकी वीसा 15,600रुपए में मिलता है। विशेष सुविधाओं, जैसे लाउंज या ऑफ-ऑवर आवेदन, के लिए अतिरिक्त 2500-16,000रुपए तक का खर्च होता है। वीजा प्रक्रिया का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा प्राइवेट कंपनियों के जरिए आउटसोर्स किया जाता है। वीएफएस ग्लोबल, टीएलएस कॉन्टैक्ट और बीएलएस इंटरनेशनल जैसी कंपनियों का इस क्षेत्र में 70 प्रतिशत नियंत्रण है। इन्वेस्टमेंट फर्म नुवामा ग्रुप के अनुसार, वीसा आउटसोर्सिंग इंडस्ट्री हर साल 9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है और 2030 तक इसका मूल्य 42,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। यूरोप जाने वाले यात्रियों को बैंक स्टेटमेंट, पे स्लिप, टैक्स रिटर्न जैसी कई दस्तावेज़ी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। आवेदन के बाद भी कई बार अर्जियां अस्वीकृत हो जाती हैं, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। खास बात यह है कि यूरोप जाने के लिए अमीर देशों के लिए वीजा में छूट है लेकिन विकासशील देशों पर बोझ डाला गयाहै।

### थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नेपाल के मुक्तिनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल सेना मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि जनरल द्विवेदी ने पोखरा में नेपाल सेना के पश्चिमी डिवीजन मुख्यालय का भी दौरा किया, जहां मेजर जनरल संतोष बल्लभ पौडयाल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत के थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को नेपाल के गंडकी प्रांत में स्थित मुक्तिनाथ मंदिर के दर्शन किये और वहां पूजा-अर्चना की। इस मंदिर का हिंदू तथा बौद्ध दोनों धर्मों में विशेष धार्मिक महत्व है। नेपाल सेना मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि जनरल द्विवेदी ने पोखरा में नेपाल सेना के पश्चिमी डिवीजन मुख्यालय का भी दौरा किया, जहां मेजर जनरल संतोष बल्लभ पौडयाल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जनरल द्विवेदी नेपाल के सेना प्रमुख जनरल अशोक सिगदेल के निमंत्रण पर नेपाल की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को काठमांडू पहुंचे थे। जनरल द्विवेदी को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल द्वारा नेपाल सेना के जनरल की मानद पदवी से सम्मानित किया गया। उन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और रक्षा मंत्री मनबीर राय से भी मुलाकात की और आपसी हितों के मुद्दों पर बातचीत की।

### जॉर्डन के सुरक्षा बलों ने इजराइली दूतावास के पास गोलीबारी करने के आरोपी को ढेर किया

**अम्मान, एजेंसी।** हमलावर की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। इजराइल और जॉर्डन के बीच 1994 में शांति समझौता हुआ था लेकिन हमास के साथ युद्ध और लेबनान में इजराइली हमले के बाद से दोनों देशों के बीच काफी तनाव है। जॉर्डन के अधिकारियों ने इजराइली दूतावास के पास पुलिस दल पर गोलीबारी करने के आरोपी को ढेर कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दूतावास के पास गोलीबारी की घटना में तीन पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे। गोलीबारी की यह घटना रविवार तड़के जॉर्डन की राजधानी अम्मान के रबियाह इलाके में हुई। जॉर्डन के सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय ने एक बयान में कहा कि एक व्यक्ति क्षेत्र में गोलीबारी कर रहा था सुरक्षा बलों ने सूचना मिलने पर हमलावर का पीछा किया। बयान में कहा गया, ''हमलावर का पीछा किया गया और उसे घेर लिया गया, जिसके बाद उसने सुरक्षा बलों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें हमलावर मारा गया।

# डायलिसिस कराने आए मरीजों में फैलता रहा एचआईवी संक्रमण, डॉक्टरों को सुध नहीं; अस्पताल का स्टाफ निलंबित

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम मरियम नवाज ने मुल्तान के निश्तार अस्पताल के मेडिकल स्टाफ को निलंबित करने का फैसला किया है। दरअसल इस अस्पताल के डायलिसिस विभाग से मरीजों में एचआईवी का संक्रमण फैला है। यही वजह है कि सीएम ने लापरवाही बरतने के आरोप में अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख समेत कई स्टाफ कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है।

**जांच में कर्मचारियों की मिली गंभार लापरवाही :** जांच में अस्पताल में संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल में गंभीर किस्म की लापरवाही की गई, जिसकी वजह से अस्पताल में डायलिसिस कराने वाले कर्मचारियों में एचआईवी का संक्रमण फैला। मरियम नवाज ने अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट समेत विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है। जिन कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, उनमें मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर मुहम्मद काजिम, गुलाम अब्बास (नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख), पूनम खालिद (एसोसिएट प्रोफेसर), मोहम्मद कदीर (सीनियर रजिस्ट्रार), मलियाह जौहर, मोहम्मद आलमगीर (नेफ्रोलॉजी विभाग के मेडिकल ऑफिसर) और हेड नर्स नहीद परवीन शामिल हैं। जांच में पता चला है कि एचआईवी मामलों की पुष्टि के बाद भी अस्पताल के स्टाफ ने मामलों को दबाने की कोशिश की, जिसकी वजह से संक्रमण और फैला। सरकार के फैसले के विरोध में उतरे अस्पताल के अन्य कर्मचारी जांच में पता चला है कि डायलिसिस



कर्मचारियों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली डिस्पोजेबल किट को कई मरीजों में इस्तेमाल किया जा रहा था, इसकी वजह से ही एचआईवी संक्रमण किडनी के मरीजों में फैला। दूसरी लापरवाही ये रही कि अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर और कर्मचारियों ने कई हफ्तों तक डायलिसिस विभाग का दौरा ही नहीं किया। मामला बढ़ने के बाद पंजाब की सीएम मरियम नवाज ने निश्तार अस्पताल का दौरा किया और गंभीर लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सचिव को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मोदी से पंगा ट्रूडो को पड़ा ऐसा भारी, अपने ही अधिकारियों को बताना पड़ा अपराधी

**कनाडा , एजेंसी।** ट्रूडो का यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के एक दिन बाद आया है जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को कनाडा में आपराधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है, जिसमें सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की कथित साजिश भी शामिल है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने ही खुफिया अधिकारियों पर निशाना साधा और मीडिया को जानकारी लीक करने के लिए उन्हें अपराधी बताया। ब्रैम्पटन में एक मीडिया को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने खुफिया अधिकारियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने पहले ही विदेशी हस्तक्षेप की राष्ट्रीय जांच स्थापित कर दी है। ट्रूडो ने कहा कि दुर्भाग्य से हमने देखा है कि मीडिया को शीर्ष-गुप्त जानकारी लीक करने वाले अपराधियों ने लगातार उन कहानियों को गलत पाया है। यही कारण है कि हमने विदेशी हस्तक्षेप की एक राष्ट्रीय जांच की थी, जिसने इस बात पर प्रकाश डाला है कि मीडिया आउटलेट्स को जानकारी लीक करने वाले अपराधी अविश्वसनीय हैं। ट्रूडो का यह बयान उस मीडिया रिपोर्ट के एक दिन बाद आया है जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को कनाडा में आपराधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है, जिसमें सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की कथित साजिश भी शामिल है। अटकलबाजी और गलत। एक अज्ञात वरिष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी के हवाले से द ग्लोब एंड मेल अखबार ने मंगलवार को खबर दी कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों का मानना ??है कि प्रधानमंत्री मोदी को निज्जर की हत्या और अन्य हिंसक साजिशों के बारे में पता था। अधिकारी ने कहा अधिकारी ने कहा, कनाडाई और अमेरिकी खुफिया ने हत्या की कार्रवाई के तार गृह मंत्री अमित शाह से भी जोड़े थे। प्रिवी काउंसिल कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में, ड्रौइन ने कहा कि 14 अक्टूबर को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण और चल रहे खतरे के कारण, आरसीएमपी और अधिकारियों ने कनाडा में गंभीर आपराधिक गतिविधि के सार्वजनिक आरोप लगाने का असाधारण कदम उठाया।

## एलन मस्क ने एक दिन में 640 मिलियन वोटों की गिनती के लिए भारत को सराहा, अमेरिका पर कसा तंज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने दो राज्य विधानसभा चुनावों और उपचुनावों की मतगणना एक ही दिन में संपन्न होने के बाद भारतीय चुनाव प्रणाली की सराहना की है। साथ ही उन्होंने अमेरिका की इस प्रक्रिया पर कटाक्ष भी किया, जहां कैलिफोर्निया में अभी तक मतदान की घोषणा नहीं हुई है। मस्क ने एक्स पर लिखा, भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोटों की गिनती कर ली है, जबकि कैलिफोर्निया अभी भी वोटों की गिनती कर ही रहा है।



मस्क ने ये टिप्पणी उस एक्स पोस्ट पर दी जिसका शीर्षक था कि भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोटों की गिनती की। मस्क ने ऐसे ही एक दूसरी पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। उस पोस्ट में लिखा था कि भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोट गिने और कैलिफोर्निया 18 दिन बाद भी 15 मिलियन वोट नहीं गिन पाया है। इस पर मस्क ने लिखा- दुखद। खबरों की मानें तो राष्ट्रपति चुनाव संपन्न होने के 2 हफ्ते बाद भी कैलिफोर्निया में अभी भी 300,000 से अधिक मतों की गिनती होनी बाकी है। डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिकी चुनावों का विजेता घोषित किए हुए कई सप्ताह हो चुके हैं। ट्रंप अब जनवरी अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। कैलिफोर्निया अमेरिका का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है, जहां लगभग 39 मिलियन निवासी रहते हैं। 5 नवंबर को हुए मतदान में कम से कम 16 मिलियन मतदाताओं ने भाग लिया। हालांकि, हाल के वर्षों में यह चुनाव परिणामों की गणना और रिपोर्ट करने में सबसे धीमे राज्यों में से एक रहा है। देरी मुख्य रूप से इसके विशाल आकार और मेल-इन वोटिंग के कारण है। चुनाव अधिकारियों के अनुसार, मतदान की घोषणा करने में कई सप्ताह लग सकते हैं, ऐसा ही कुछ 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हुआ था। कैलिफोर्निया के चुनाव मुख्य रूप से मेल-इन वोटिंग पर निर्भर करते हैं, जिसके लिए व्यक्तिगत मतदान की तुलना में प्रक्रिया करने में अधिक समय और प्रयास की आवश्यकता होती है। प्रत्येक मेल-इन मतपत्र को व्यक्तिगत सत्यापन और प्रोसेसिंग से गुजरना पड़ता है, एक ऐसी प्रक्रिया जो मतदान केंद्रों पर मतपत्रों को स्कैन करने की तुलना में अधिक समय लेती है।

## गाजा पट्टी में इजरायल की बमबारी जारी, बच्चों सहित 17 की मौत

**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी में इजरायली बमबारी में कम से कम 17 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। गाजा शहर के दक्षिण-पूर्व में अल-जायतून में एक घर पर इजरायली एयर स्ट्राइक में तीन बच्चों सहित सात फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने शनिवार को फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, वहीं गाजा पट्टी के खान यूनिस में तीन घरों पर बमबारी की गई जिसमें बच्चों सहित नौ लोग मारे गए जबकि गाजा के नुसेरात शिविर में एक अपार्टमेंट पर बम गिराए गए जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। 7 अक्टूबर इजरायल में हमास के बड़े हमले के जवाब में यहूदी राष्ट्र ने फिलिस्तीनी ग्रुप के कब्जे वाली गाजा पट्टी में सैन्य अभियान शुरू किया था। हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए थे जबकि 250 से अधिक लोगों को बंधक बनाया गया था। इजरायली हमलों ने गाजा में बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 44,056 हो गई है। हाल ही में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए यूएन एजेंसी के प्रमुख जनरल फिलिप लाजारिनी ने कहा कि गाजा बच्चों के लिए कब्रिस्तान बन गया है। उन्होंने विश्व बाल दिवस (जो हर साल 20 नवंबर को मनाया जाता है) के अवसर पर एक बयान में कहा, वे (बच्चे) मारे जा रहे हैं, घायल हो रहे हैं।

# पाकिस्तान में शिया-सुन्नी संघर्ष में 37 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में ताजा सांप्रदायिक हिंसा में कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 103 घायल हुए हैं। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यह ताजा हिंसा शिया मिलिशिया समूहों द्वारा किए गए जवाबी हमले का परिणाम है। इससे पहले गुरुवार को पाराचिनार से जा रहे यात्री वैन के काफिले पर अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर 47 शिया मुसलमानों को मार डाला था। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कुर्रम जिले में ताजा सांप्रदायिक झड़पें शुरू हो गईं, जिसमें बड़ी संख्या में बंदूकधारियों ने भारी हथियारों के साथ आसपास के गांवों को निशाना बनाया। गांवों को मलबे में बदल दिया गया, घरों, बाजारों और सरकारी भवनों को आग लगा दी। कुर्रम जिले के एक अधिकारी ने बताया, यह हमला शिया उग्रवादी समूह जैनाबियुन ने किया, जिसने गुरुवार को हुई शियाओं की हत्या का बदला लेने की शपथ ली थी। उसके लोगों ने गांवों पर हमला किया और सब कुछ जला दिया। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। नरसंहार के एक प्रत्यक्षदर्शी ने पुष्टि की कि उसने कम से कम छह हमलावरों के भी जले हुए शव देखे। रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने महिलाओं का अपहरण भी किया है और जिले में शिया तथा सुन्नी दोनों संप्रदायों के आदिवासी बुजुर्गों ने हमले तेज करने के संदेश भेजे हैं। कुर्रम जिले में कम से कम तीन अलग-अलग स्थानों से झड़पों की



खबरें अभी भी आ रही हैं, जबकि कोहाट जिले से थल-सदा-पराचिनार हाईवे बंद है। जारी झड़पों के तेज होने के साथ, खैबर पख्तूनख्वा (केपी) की प्रांतीय सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए पेशावर से कुर्रम जिले के लिए रवाना हुआ। हेलीकॉप्टर में खैबर पख्तूनख्वा के कानून मंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर बना एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल था। प्रतिनिधिमंडल ने कुर्रम जिले में स्थानीय प्रशासन से मुलाकात की, लेकिन वापस लौटते समय हेलीकॉप्टर पर कथित तौर पर गोलीबारी की गई। हालांकि, हेलीकॉप्टर पेशावर में सुरक्षित उतरने में सफल रहा। कुर्रम जिले में स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। पिछले 48 घंटे में सुन्नी और शिया सांप्रदायिक झड़पों में करीब 100 लोग मारे गए हैं और 200 अन्य घायल हुए हैं। कुर्रम जिले में सांप्रदायिक हिंसा का इतिहास रहा है। प्रांतीय गवर्नर फैसल करीम कुंदी के अनुसार, सितंबर में अलग-अलग घटनाओं में दोनों संप्रदायों के कम से कम 60 लोग मारे गए थे। शिया बहुल पाराचिनार क्षेत्र में शुक्रवार को विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस वाहनों और सुरक्षा चौकियों में आग लगा दी गई। साथ ही, रास्तों को पत्थरों और जलते हुए टायरों से रोक दिया गया।

# अमेरिकी कृषि मंत्री के रूप में ब्रुक रोलिंस के नाम का एलान; ट्रंप के वफादारों में होती है गिनती

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति अगले साल जनवरी में शपथ लेने से पहले अपनी कोर टीम के लिए एक के बाद एक नामों का एलान कर रहे हैं। अब उन्होंने कृषि मंत्री के लिए अपनी पसंद की घोषणा की है। ट्रंप ने यह जिम्मेदारी ब्रुक लेस्ली रोलिंस को दी है। ब्रुक लेस्ली रोलिंस ट्रंप एक अमेरिकी वकील है और ट्रंप की काफी वफादार मानी जाती हैं। इससे पहले ट्रंप ने सीईओ हावर्ड लुटनिक को अमेरिका का वाणिज्य मंत्री और व्यापार प्रतिनिधि बनाने की घोषणा की थी। पहले कार्यकाल से ही ट्रंप की वफादार हैं ब्रुक लेस्ली रोलिंस ब्रुक लेस्ली रोलिंस अभी 52 साल की हैं। वे अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी इंस्टीट्यूट की अध्यक्ष और सीईओ हैं। उन्होंने पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अधीन संयुक्त राज्य अमेरिका की घरेलू नीति परिषद के कार्यवाहक निदेशक के रूप में कार्य किया था। ट्रंप द्वारा घोषणा किए जाने के बाद रोलिंस ने अमेरिकी किसान का समर्थन करने, अमेरिकी खाद्य आत्मनिर्भरता की रक्षा और कृषि पर निर्भर अमेरिकी छोटे शहरों की बहाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।



ट्रंप ने भी इसकी सराहना की है। रोलिंस को नामित करने के बाद ट्रंप ने अब सभी शीर्ष कैबिनेट पदों के लिए चयन पूरा कर लिया है। हालांकि लघु व्यवसाय प्रशासन और विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यालय के प्रमुख जैसे कुछ निचले स्तर के पदों पर नियुक्तियां की जानी अभी बाकी हैं। कृषि सचिव के रूप में एक बड़े विभाग को संभालेंगी ब्रुक लेस्ली रोलिंस ट्रंप द्वारा नामित किए जाने के बाद अब अगर सीनेट ब्रुक लेस्ली रोलिंस के नाम पर अपनी सहमति जताएगी तो वे एक बड़े विभाग की जिम्मेदारी निभाएंगी। कृषि विभाग अमेरिका में तकरीबन 100,000 लोगों को रोजगार देता है। इसके साथ ही कृषि कार्यक्रमों, अनुसंधान और व्यापार, खाद्य सुरक्षा, पशु और पौधों के स्वास्थ्य और देश के जंगलों की देखरेख करता है। इसके अलावा, यह विभाग अमेरिका के सबसे बड़े खाद्य सहायता कार्यक्रम का भी प्रबंधन करता है। इस कार्यक्रम के जरिए 40 मिलियन से अधिक लोगों को लाभ होता है। हाल ही में ये नियुक्तियां भी कीं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को शीर्ष प्रशासनिक पदों के लिए घोषणाएं की थीं। उन्होंने एलेक्स वोंग को प्रधान उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और डॉक्टर सेबेस्टियन गोर्का को आतंकवादी रोधी के लिए वरिष्ठ निदेशक नियुक्त किया था। इसके अलावा, पूर्व सांसद डॉक्टर डेव वेल्डन को रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के निदेशक, एफडीए (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) आयुक्त के लिए मार्टी माकरी और आवास एवं शहरी विकास सचिव के रूप में स्कॉट टर्नर को चुना है। रसेल थुरलो वॉट को यूएस ऑफिस ऑफ मैनेजमेंट एंड बजट (ओएमबी) का निदेशक नियुक्त किया गया है। सभी नियुक्तियां अगले साल की 20 जनवरी से प्रभावी होंगी, जब ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।

## ब्रिटेन में जेल प्रहरियों-शिक्षकों से भी ज्यादा है कैदियों का वेतन, काम के लिए बाहर जाने की भी इजाजत

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन से एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। यहां के जेलों में बंद कैदियों को उनकी सुरक्षा करने वाले अधिकारियों के साथ-साथ माध्यमिक शिक्षकों, जैव रसायनज्ञों, मनोचिकित्सकों और दाइयों से अधिक वेतन मिल रहा है। यह दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है।

**कैदियों के पुनर्वास के लिए अहम कदम :** बता दें, कुछ कम सुरक्षा वाली खुली जेलों में कैदियों को काम के लिए बाहर निकलने की अनुमति है। मगर, दिन के अंत तक ये जेल में वापस आ जाते हैं। यह कदम कैदियों के पुनर्वास और उन्हें समाज में जीवन वापस लाने के लिए तैयार करने के ठोस प्रयास का हिस्सा है। हालांकि, कैदियों और नागरिक समाज से संबंधित लोगों के बीच वेतन अंतर ने ब्रिटेन में आय असमानता के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं।

**किसे-कितना वेतन मिला :** ब्रिटेन में सबसे अधिक वेतन पाने वाले कैदी को पिछले साल 46,005 डॉलर यानी 38,84,491 रुपये मिले। इसका मतलब है कि उनका सकल वेतन लगभग 57,640 डॉलर (48,66,907 रुपये) था। गृह मंत्रालय के आंकड़ों से पता चला है कि नौ अन्य कैदियों की कमाई 28,694 डॉलर (24,22,814 रुपये) से ज्यादा थी, जिसका मतलब है कि औसत कामकाजी कैदी को प्रति वर्ष लगभग 25,061 डॉलर (21,16,057 रुपये) का भुगतान किया जा रहा था। इस बीच, एक जेल गार्ड का औसत वेतन 35,085 डॉलर (29,62,446 रुपये) है, जबकि नए भर्ती किए गए लोगों को प्रति वर्ष लगभग 30,073 डॉलर (25,39,252 रुपये) का भुगतान किया जाता है। न्याय मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल कटौती के बाद दो अन्य कैदी थे, जिन्होंने सबसे ज्यादा 37,591 डॉलर (31,74,044 रुपये) की कमाई की और अन्य सात ने निजी बैंक खातों में 28,694 डॉलर (24,22,814 रुपये) और 37,591 डॉलर (31,74,044 रुपये) के बीच रखा। हालांकि कैदी कई तरह के काम करते हैं, लेकिन ज्यादा कमाई वाले व्यक्ति ट्रक चलाने का काम करते हैं। जेल सेवा के प्रवक्ता ने कहा, कुछ अपराधियों को उनकी सजा के अंत में अस्थायी लाइसेंस पर रिहाई मिल जाती है। इससे उन्हें जेल लौटने से पहले अपना कुछ दिन समुदाय में बिताना पड़ता है, अक्सर काम करना पड़ता है। अगर वे काम कर रहे हैं, तो उनकी कमाई पर कर, अदालती जुर्माना और 40 प्रतिशत तक का शुल्क देना होगा, जिससे पीड़ितों के लिए चैरिटी को धन मुहैया कराया जाता है। कटौतियों के बावजूद, कैदी दाइयों से आगे थे, जिनका औसत वेतन 45,889 डॉलर (38,74,696 रुपये) था।

# किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक खर्च पर भड़के लोग, बोले- पानी की तरह बहाया टैक्स पेयर्स का पैसा

**लंदन, एजेंसी।** किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक में करीब 90.7 मिलियन डॉलर के खर्चे का बिल सामने आने पर बवाल शुरू हो गया है। ब्रिटेन में राजाशाही का विरोध करने वाले लोगों ने इस बेहिसाब खर्च को लेकर सवाल उठाए हैं। पिछले साल हुए इस कार्यक्रम सवाल उठाते हुए लोगों ने कहा कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर संघर्ष कर रहे ब्रिटेन के लिए यह एक बोझ के समान था। इस बेमतलब के समारोह में इंग्लिश टैक्सपेयर्स के 90 मिलियन डॉलर को पानी की तरह बहा दिया गया। सरकारी विभाग द्वारा जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग ने इस कार्यक्रम में जमकर पैसा लगाया। इन विभागों ने मिलकर करीब 50 मिलियन पाउंड का खर्चा किया। वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने भी सालों में एक बार होने वाली इस शाही घटना की निगरानी पर कुल 21.7 मिलियन पाउंड का खर्चा किया। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ की 2023 में मृत्यु के बाद उनके बेटे किंग चार्ल्स को गद्दी पर बैठाया गया था। ब्रिटेन के राजा के तौर पर उनकी औपचारिक ताजपोशी के कार्यक्रम में दुनियाभर के जाने-माने लोगों ने भाग लिया था। ताजपोशी के बाद अगली ही रात विंडसर महल में एक म्यूजिक कॉन्सर्ट भी रखा गया था। इस पूरे कार्यक्रम में जमकर शानो-शौकत का प्रदर्शन किया गया। इसी खर्चे को लेकर लोग ब्रिटेन के शाही परिवार का विरोध कर रहे हैं। विरोधकर्ताओं का कहना है कि हमारा देश अभी महामारी के दौर से निकला है। हमारी सरकार लगातार आर्थिक मोर्चे पर संघर्ष कर रही है। लेकिन इसके बाद भी ऐसे कठिन समय में यह बेमतलब का खर्च किया



जा रहा था। राजाशाही के विरोध में संगठन चलाने वाले ग्राहम स्मिथ ने सीएनएन से कहा कि जब ब्रिटेन में बच्चे स्कूल नहीं जा पर रहे हैं तो ऐसे समय में किस लोकतंत्र में शाही परिवार के ऊपर इतना पैसा खर्च किया जा सकता है। यह बहुत गलत है। राजशाही का विरोध करने वाले लोगों ने शाही परिवार को मिलने वाले लाभों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में राजा को जो रियायतें और लाभ दिए जाते हैं वह बहुत ज्यादा है। यूरोप में और भी देश हैं जो राजाशाही मानते हैं लेकिन वह अपने राजाओं और शाही परिवारों को ब्रिटेन के बराबर लाभ नहीं देते। ब्रिटेन के शाही परिवार को हाल ही में अपनी संपत्तियों को लेकर सवालों का सामना करना पड़ा था। परिवार के ऊपर आरोप लगा था कि वह सरकार से करों में छूट लेकर सार्वजनिक व्यापार से धन कमा रहे हैं।

शाही परिवार के साथ काम करने वाले एक प्रमुख सरकारी विभाग ने राज्याभिषेक के बारे बयान जारी करते हुए लिखा कि किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक के कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूरा गया था। इस कार्यक्रम में ब्रिटेन समेत दुनियाभर के कई लाखों लोगों ने देखा था। यह पीढ़ी में एक बार होने वाला क्षण है इसलिए इसे यादगार बनाना जरूरी है। इस कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिए सोने की गाड़ी का जुलूस निकाला गया और राजाशाही के आभूषणों का प्रदर्शन किया गया।

# बीमार होते हुए भी रितिका हुड्डा ने जीता गोल्ड, प्रतियोगिता में जाने से पहले था डेंगू, डॉक्टरों ने दी थी ये सलाह

रोहतक । ओलंपिक में महज कुछ ही पॉइंट से मेडल लेने से चूंकी रोहतक की रितिका हुड्डा ने हार नहीं मानी ओर डेंगू के चलते हॉस्पिटल में एडमिट होने की नौबत आने पर भी विश्व सैन्य प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लेकर अपनी जिद्द पूरी की।



### रितिका हुड्डा ने हासिल किया गोल्ड मेडल

दरअसल अल्बानिया में 20 से 23 नवंबर तक आयोजित हुए विश्व सैन्य प्रतियोगिता में 75 किलोग्राम भार में रितिका हुड्डा ने गोल्ड मेडल हासिल किया है, जिसके बाद रितिका के परिजन बेहद खुश है।

वहीं दूसरी ओर मां नीलम हुड्डा ने बताया की रितिका को बहुत समझाया गया था कि वह इस प्रतियोगिता में न जाए और कुश्ती ना लड़े, क्योंकि जिस वक्त रितिका कुश्ती लड़ रही थी उस वक्त भी उसके सीने में दर्द था, क्योंकि डेंगू के चलते रितिका की प्लेट्स 28000 तक पहुंच गई थी, जिसमें मरीज को हॉस्पिटल में एडमिट करना पड़ता है। डॉक्टरों ने भी उसे बाहर न जाने की सलाह दी थी लेकिन रितिका की जिद्द थी कि उसे विश्व सैन्य प्रतियोगिता में भाग लेना है और गोल्ड मेडल लेना है। क्योंकि रितिका के पिता और भाई भी मिल्ट्री में थे और रितिक भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहती थी। उसकी बचपन से ही ख्वाहिश थी। गौरतलब है कि रितिका ने रोहतक के ही छोटू राम स्टेडियम में प्रैक्टिस की है और आज इस मुकाम तक पहुंच गई है।

# वाह रे सोनीपत पुलिस...अब लोगों की सुरक्षा राम भरोसे, ना अपराध पर लगाम लगा पा रही और ना ही हादसों पर

सोनीपत । सोनीपत में क्या चल रहा किसी को नहीं पता। दिनदहाड़े लूट, हत्या के बाद मामला दर्ज कर पुलिस रटा-रटाया जवाब देती है कि जल्द आरोपी पकड़ लिए जाएंगे, लेकिन अब सोनीपत पुलिस पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि दिनदहाड़े करोड़ों की गाड़ी तेज रफ्तार से हादसे कर जाती है। पुलिस को अभी शिकायत का इंतजार है। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार ने पहले घर के बाहर खड़ी स्कूटी को टक्कर मारी। उसके बाद सामने से आ रही स्कूटी सवार दो महिलाओं को टक्कर मार दी। हैरानी की बात तो यह है कि टक्कर मारने के बाद भी कार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। कुछ दूरी तक स्कूटी गाड़ी के टायरों के बीच में फंसी रही। बड़ा सवाल यह है कि यह हादसा होने के बाद भी पुलिस को अभी शिकायत का इंतजार है। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया है कि हादसे के बाद वह घर से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि बड़ी गाड़ी ने स्कूटी सवार दो महिलाओं को टक्कर मार दी है और उन्हीं के घर की सीसीटीवी फुटेज में आया है कि पहले उनके बाहर घर के बाहर खड़ी स्कूटी को टक्कर मारी और बाद में स्कूटी सवार दो महिलाओं को टक्कर मार दी। घायल महिलाओं को पास के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया है। वहीं पूरे मामले में हैरानी की बात तो यह है कि गाड़ी सोनीपत के एक बड़े रसूखदार की बताई रही है, लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि अब क्या राजनेताओं से संबंध रखने वाले और बड़े रसूखदारों पर पुलिस कार्रवाई करेगी या नहीं। देखना होगा कि कब तक पुलिस कारवाई करती है।

# चलती कार बनी आग का गोला, कुछ ही मिनटों में जलकर हुई राख...



कैथल । कैथल जिले के रेलवे गेट के पास बीती रात लगभग 12 बजे चलती कार में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि कुछ ही मिनटों में पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई। हालांकि गाड़ी के मालिक बलविंदर ने आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया है। कार मालिक ने कहा कि रविवार रात लगभग रात 12 बजे जब वह शादी समारोह से अपनी महिंद्रा स्कॉर्पियो गाड़ी में रेलवे गेट से होते हुए चंदाना गेट की तरफ जा रहा था, तभी अचानक उसकी कार के एसी वाले बलोर से धुंआ निकालने लगा। उसे गाड़ी में आग लगने का अंदेशा हुआ और वह फौरन नीचे उतर गया। कुछ सेकेंडों में धुंआ आग में बदल गया और पूरी गाड़ी धू-धू कर जलने लगी। तभी उसने फायर ब्रिगेड को फोन किया, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आई तब तक पूरी कार जलकर राख हो चुकी थी। बलविंदर ने बताया कि जलने वाली गाड़ी महिंद्र स्कॉर्पियो 2017 मॉडल है, जिसकी बजरी कीमत लगभग 11 लाख बताई है।

# पुलिस के घर में ही डाका डाल गए चोर, सोने-चांदी के गहनों पर किया हाथ साफ

रेवाड़ी । प्रदेश में आए दिन लूट, चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं। अब चोर ने पुलिस के घर डाका डाला है। जहां रेवाड़ी जिले के रेलवे क्वार्टर से चोर एक महिला कांस्टेबल के गहने चुरा ले गया। वारदात उस समय दी गई, जब वह क्वार्टर को बंद कर कोर्स पर गई हुई थी। शिकायतकर्ता कविता कुमारी ने कहा कि वह रेवाड़ी रेलवे पुलिस में बतौर महिला कांस्टेबल नियुक्त है और रेलवे कॉलोनी में ही क्वार्टर में रहती है। 7 अक्तूबर को वह कोर्स के लिए बांदीकुई चली गई थी और जाते समय अपने क्वार्टर की चाबी एक पड़ोसी को दूसरी महिला पड़ोसन की देने की कहकर गई थी। 30 अक्तूबर को वह वापिस लौट आई थी। 2 नवम्बर को जरुरत पडने पर जब उसे अपने गहने चैक किये तो पता चला कि उसकी सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की पाजेब गायब थे। पुलिस ने जांच पड़ताल कर बीती शाम को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पानीपत में 2 फैक्ट्रियों में लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

पानीपत (सचिन शर्मा) ~ पानीपत जिले के बरसत रोड स्थित कारपेट कपड़ा व वेस्ट कपड़ा फैक्ट्री में रविवार को आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### लाखों रुपए के माल के जलने का अनुमान

बताया जा रहा है कि जब तक फैक्ट्री में श्रमिकों द्वारा यह सूचना फैक्ट्री मालिक और दमकल विभाग तक पहुंची तब तक आग काफी ज्यादा फैल चुकी थी। फैक्ट्री के 150 मीटर के दायरे में भयंकर तपिश थी। सेक्टर-13, 17 थाना पुलिस ने आसपास के मकानों को भी खाली कराया। देर रात तक दमकल विभाग आग पर काबू नहीं पा सका। आग बुझाने के बाद ही नुकसान का पता चल पाएगा। आसपास में बनी दोनों फैक्ट्रियों में भयंकर आग लग गई। इन फैक्ट्री में पावरलूम की बहुत महंगी मशीन मौजूद हैं। लाखों रुपए के माल के जलने का अनुमान भी लगाया जा रहा है। वहीं दमकल विभाग के लीडिंग फायरमैन अमित गोस्वामी ने बताया कि सूचना मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंची। देर रात फायर ब्रिगेड की गाड़ी यहां पर पहुंच चुकी थी। आग पर देर रात तक काबू नहीं पाया जा सका। फिलहाल फायर ब्रिगेड कर्मचारियों द्वारा सुबह मिल रही सूचना अनुसार कि आग पर काबू पाया जा चुका है।



# कृष्ण बेदी का हुड्डा पर हमला, बोले- पूर्व सीएम ने अपने राज कुंवर के लिए कांग्रेस नेताओं को किया किनारे

यमुनानगर। यमुनानगर पहुंचे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने भूपेंद्र हुड्डा पर जमकर हमला बोला है। मंत्री ने कहा है कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने कुंवर के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को कमजोर कर रहे हैं। इसी के चलते कुलदीप बिश्नोई, किरण चौधरी, रणदीप सुरजेवाला ,नवीन जिंदल ,शैलजा सभी का क्या हाल किया है यह सबको पता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने कुकर्मों की तरफ ध्यान देना चाहिए ना कि EVM की तरफ। उन्होंने कहा कि अगर EVM में कोई बात होती तो झारखंड भी बीजेपी जीतती। मंत्री कृष्ण बेदी यमुनानगर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे।

बेदी ने कहा कि यमुनानगर के सुंदर नगर में पब्लिक हेल्थ विभाग के जेई और एसडीओ ने सीवर लाइन के पास पीने के पानी की लाइन डाल दी, जिसके चलते पूरे गांव के लोग बीमार हो गए। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने दोनों को चार्जशीट करने की आदेश दिए हैं। हालांकि विभाग ने पहले ही इसके लिए कार्रवाई की है।

### बिजली कर्मचारियों के घर छापेमारी के दिए आदेश

मंत्री ने कहा कि बिजली निगम के खिलाफ एक मामला उनके संज्ञान में आया जिसमें एक दिन की 50 यूनिट और पूरे महीने की 140 यूनिट दिखाई गई है। इस मामले को लेकर उन्होंने विभाग के कार्यकारी अभियंता को आदेश दिए हैं कि वह जांच करें। उन्होंने आदेश दिए हैं कि बिजली कर्मचारियों के घर भी छापेमारी की जाए और उनके भी मीटर चेक किए जाएं। अगले महीने इसकी रिपोर्ट पेश की जाए।

### पंजाब में किसानों की नहीं खरीदी जा रही जीरी- मंत्री

कृष्ण बेदी ने किसानों के पंजाबी कूच को लेकर कहा कि उनकी जो मांगे हैं वह पंजाब से संबंधित ज्यादा है। पंजाब में किसानों की जीरी नहीं खरीदी जा रही, किसानों के खिलाफ दर्ज केस वापस नहीं लिए जा रहे। लेकिन हरियाणा ने अपनी सभी फसलें MSP पर खरीदी हैं। हिमाचल और पंजाब MSP लागू नहीं कर रहे, जिसको लेकर किसान परेशान है।



# डीएससी समाज की पगड़ी को अपने मंदिर के पास रखेंगे, नहीं कम होने देंगे मान: नायब सैनी

जींद । जींद के एकलव्य स्टेडियम में रविवार को महर्षि वाल्मीकि जन्मदिवस पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डीएससी समाज की पगड़ी को अपने मंदिर के पास रखेंगे। पगड़ी का मान कम नहीं होने देंगे। सीएम सैनी ने कहा कि अनुसूचित जातियों में कुछ लोग अभी आरक्षण के लाभ से वंचित थे। भाजपा ने उन्हें यह लाभ देकर समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए विधानसभा चुनाव के दौरान संकल्प लिया था। वर्गीकरण करने का वादा भी किया था। उन्हें खुशी है कि हरियाणा प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनते ही इस वादे को अमलीजामा पहनाने का काम पूरा किया है। इस मौके पर राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला, पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा, विधायक रामकुमार गौतम, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि व संदीप खरकिया मौजूद रहे।




# टोहाना में फेसबुक पर महिला पार्षदों पर टिप्पणी करना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार

टोहाना। टोहाना में फेसबुक पर महिला पार्षदों पर टिप्पणी करना भारी पड़ गया। सोशल मीडिया पर चेयरमैन और महिला पार्षदों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में सोमवार को पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित मोर के तौर पर हुई है। बता दें कि नगर परिषद चेयरमैन व पार्षदों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि बुधवार तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया तो शहर की सामाजिक संस्थाओं को लेकर शहर थाना में धरना दिया जाएगा। इससे पहले पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया है।



डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि महिला पार्षदों व नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर गलत टिप्पणी करने के मामले में आरोपी को काबू कर लिया है। जिसके खिलाफ आगामी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा फेसबकू पर फर्जी आईडी बनाकर गलत पोस्ट की थी।

डीएसपी के अनुसार आरोपी ने बताया नगर परिषद चेयरमैन चुनाव के दौरान की रंजिश रखते हुए अंकित ने चेयरमैन नरेश बंसल के खिलाफ ये पोस्ट की थी जिसके चलते अब इसे काबू कर लिया है। आगामी कार्यवाही करते हुए आरोपी का मोबाइल भी कब्जे में लिया जाएगा। आरोपी को अब कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# सृष्टि स्कूल, मोठ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

संस्कार उजाला
हरियाणा/हिसार (गरिमा)
: सृष्टि स्कूल, मोठ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में बच्चों और अभिभावकों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों के लिए विशेष खेल आयोजित किए गए कजिसमे नन्हे बच्चो ने बेबी नर्सरी बॉल बैलेंसिंग खेल में (स्नेहा, सान्वी, अमनी ने),गेंद संग्रह खेल में (मयंक, मनीष, रिहान ने), टोकरी में गेंद संग्रह खेल में (आरुशी, दिशा, प्रभजस, महक, जिया, किशन), बाधा दौड़ में (कोमल,रोनक,जयेश,लोकेश,विराज, कार्तिक),रिंग बॉल दौड़ में (जसमीत, लवन्या, लक्षिता, गुनगुन, आलिया, कृतिका), रिंग चेंज दौड़ में (सौरभ+साहिल, भावेस+पुनीत, शिवांश+मोहित), केकड़ा दौड़ में (पावनी+योगिता, सोनल+जसरीत, लवनिश+रितिका), कंगारू दौड़ में ( मयंक, सूरज, शुभम), ग्लास + बॉल बैलेंसिंग रेस (हेड) में (नीति, काफी, दीपिका),कोन + बॉल बैलेंसिंग रेस



(हाथ) में (अभिषेक+यूनिस, प्रीतम+सार्थक, लक्षित+रियांश) नींबू-चम्मच दौड़ में (सायरा, दीपांशु, वंशिका), छड़ी संतुलन खेल में (भाविक+रनविजय, सार्थक+अरमान, रिहान+टिंकू), रिंग संतुलन खेल में (चंचल+रूपम, कीर्ति+काफी, अंजलि+परी), रेल रिले दौड़ में दुष्यंत ग्रुप ने, बोरी दौड़ में (यश, योगेश, वंश), पानी से बोतल भरना खेल में (स्नेहा ग्रुप,संजीत ग्रुप,हिमांशी ग्रुप), ऑक्टोपस रेस में (हिमांशु ग्रुप, प्रिंस ग्रुप, चेतन ग्रुप), बैक टू बैक रेस में (खुशी दुहन, मुस्कान, जस्मीन), बॉल रिंग गोल रेस में (यश ग्रुप, आर्यन ग्रुप), कोन कलेक्शन में (नीतू, रीतू, एकता) लेग लिफ्ट जंप रेस में (नवीन+यानिक, अमन+अनिकेत, रूद्र+अंकुश), बाधा को पार करना खेल में (दरवेश+अरविन्द, हर्ष+भविष्य, सार्थक+दीपेश), बास्केटबॉल इन रिंग में दसवी ० नोंवी कक्षा की लडकिया रही, हुला हूप रिंग पास खेल में (नवीन ग्रुप, मोहित ग्रुप,) टोकरी पकड़ो खेल में (रेनू+कोमल, प्रिया+नेहा, याशिका+सिलबिया), ब्रिक्स वॉक खेल में (दक्ष, जतिन बेरवाल ,हर्ष), कबड्डी में मोहित ० नवीन टीम, वॉलीबॉल में ग्याहरवी ० दसवी कक्षा के लड़के रहे, रस्साकशी में दसवी कक्षा के लड़के रहे, 100 मीटर लडको की दौड़ में (मोहित, नवीन, गौतम), खो-खो में (रेनू टीम ० आशा टीम), 100 मीटर लडकियों की दौड़ में (बलजीत, नीतू, खुशी), अभिभावको की पुरुष रस्साकशी में प्रदीप सिंह ० अरविन्द की टीम ने, अभिभावको की महिला रस्साकशी में उर्मिला ० सुमन की टीम ने, 100 मीटर मटका दौड़ महिला में भतेरी, नीलम, गीता ने, 100 मीटर पुरुष दौड़ में साधू, सोनू, तरुण ने, 100 मीटर महिला दौड़ में गीतू, निर्मला, अंजू ० म्यूजिकल राउंड में हरसिमरन ने ० साथ ही काफी खेलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन प्राप्त कर मेडल अपने नाम किया ० अपनी अद्भुत क्षमता और संतुलन का प्रदर्शन किया। जिसमें सभी ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथियों बिजेंदर लोहान, संदीप, जसवंत भयाना, सुनील सिंह और सृष्टि परिवार के सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि खेल और सामूहिकता की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

# हरियाणा सरकार ने खरीदा नया हेलिकॉप्टर, अब सीएम सैनी भरेंगे सेफ उड़नखटोले में उड़ान





चंडीगढ़ । हरियाणा सरकार ने नया हेलिकॉप्टर खरीदा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हेलिकॉप्टर में बैठने से पहले पूजा-अर्चना की। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राजेश नागर मौजूद रहे।

नए हेलिकॉप्टर को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पिछले कुछ समय से हमारा हेलिकॉप्टर दिक्कत कर रहा था। काफी पुराना होने की वजह से कोई इश्यू था। इस वजह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी कई बारी आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी। नायब सैनी जिस हेलिकॉप्टर में उड़ेंगे, उसकी मंजूरी पूर्व ष्टरू मनोहर लाल खट्टर सरकार में दी गई थी। यह हेलिकॉप्टर जर्मनी से हरियाणा आया है। ष्टरूमनोहर लाल खट्टर की अगुआई वाली सरकार ने इस खरीद को 2 साल पहले हाई लेवल परचेज कमेटी की मंजूरी दी थी। हालांकि पहले वित्त विभाग ने इस पर रोक लगा दी थी। इसके बाद खरीद का मामला लटक गया था। इसके बाद नए सिरे से बातचीत के बाद हाई लेवल परचेज कमेटी ने खरीद की मंजूरी दी है।

नए हेलिकॉप्टर को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि पिछले कुछ समय से हमारा हेलिकॉप्टर दिक्कत कर रहा था। काफी पुराना होने की वजह से कोई इश्यू था। सरकार विचार कर रही थी कि नया हेलिकॉप्टर आए। इसके लिए मैं विभाग के अधिकारियों को बधाई देता हूं। इधर 2 दिन पहले ही राज्य पर बढ़ रहे कर्ज को लेकर पूर्व ष्टरू भूपेंद्र सिंह हुड्?डा ने सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि प्रदेश पर साढ़े 4 लाख करोड़ रुपए का कर्ज हो चुका है।

# 1 दिसंबर से लागू होंगे हरियाणा में नए कलेक्टर रेट, प्रॉपर्टी की कीमतों में होगी भारी बढ़ोतरी

हरियाणा में 1 दिसंबर से प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन के लिए खरीदारों को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। ये आदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी के अधीन रेवेन्यू डिपार्टमेंट की ओर से जारी किए गए हैं। राज्य सरकार ने 1 दिसंबर से 31 मार्च 2025 तक नए कलेक्टर रेट पर प्रॉपर्टी रजिस्टर करने के लिए डिविजनल कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर को आदेश जारी करने के बाद पूरे हरियाणा में प्रॉपर्टी की कीमतों में भारी बढ़ोतरी होने जा रही है।

### कलेक्टर रेट में 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में आने वाले गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, सोनीपत, रोहतक, पानीपत, करनाल, झज्जर और नूंह जिलों में कलेक्टर रेट में 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने जा रही है। चंडीगढ़ की परिधि में स्थित पंचकूला जिले में भी इसी तरह की बढ़ोतरी की उम्मीद है। अन्य जिलों में बढ़ोतरी मामूली होगी। नई कलेक्टर दरें 1 अप्रैल 2024 से लागू होनी थीं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस फैसले को स्थगित कर दिया था। इसके बाद भाजपा सरकार ने 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले इस फैसले को लागू नहीं करने का फैसला किया।

सूत्रों ने बताया कि अब सैनी ने अपनी मंजूरी दे दी है, जिससे नई कलेक्टर दरों पर संपत्ति के पंजीकरण का रास्ता साफ हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस फैसले से राज्य के खजाने में अधिक राजस्व प्राप्त करने में मदद मिलेगी क्योंकि खरीदारों को अपनी संपत्ति नई कलेक्टर दरों पर पंजीकृत करानी होगी। उन्होंने कहा कि राजकोष में अधिक राजस्व का मतलब विकास कार्यों के लिए अधिक धन होगा।

### मार्केट वैल्यू के अनुसार रेट तय

दरअसल हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल में कलेक्टर रेट बढ़ाने के लिए जिलों में मार्केट वैल्यू का पता लगाने के निर्देश दिए थे। इस पर जिला उपायुक्तों ने कलेक्टर रेट के संबंध में सर्वे कर मार्केट वैल्यू के अनुसार रेट तय किए। रेट में बढ़ोतरी से राजस्व तो जरूर बढ़ेगा लेकिन आमजन की जेब पर भी बोझ बढ़ जाएगा।

# राष्ट्रीय मार्ग पर नहीं थम रहा सड़क हादसों का सिलसिला, रोडवेज व ट्रैवलर बस आपस में टकराईं, बाल-बाल बचे यात्री

कलायत । कलायत में चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग पर पिछले 10 दिनों से सड़क हादसों का सिलसिला जारी है। हादसों में जहां 2 बुजुर्गों की जानें गई है, वहीं 2 दर्जन से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और घायलों की सूची लंबी है। इसी कड़ी में रविवार को हरियाणा रोडवेज की हिसार-चंडीगढ़ बस और ट्रैवलर बस आपस में टकरा गई।

गनीमत रही कि हादसे में दोनों वाहनों में सवार लोग बाल-बाल बच गए। नैशनल हाईवे कैथल बाईपास कट पर करीब 2 बजे यह यह दुर्घटना हुई। घटना के समय रोडवेज बस कलायत अड्डा की तरफ आ रही थी। रोडवेज बस व हिसार से यमुनानगर की तरफ जारी ट्रैवलर एक-दूसरे से टकरा गई। आपस में टकराने से दोनों बसों का संतुलन बिगड़ गया और इनमें सवार यात्री सहम गए। गनीमत रही कि दोनों चालक अपने-अपने वाहनों को कंट्रोल करने में सफल रहे।

सड़क हादसे को लेकर दोनों बसों के चालकों के बीच खूब हंगामा हुआ। इसके चलते भारी संख्या में लोग मौका स्थल पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में दोनों वाहनों के चालकों ने एक-दूसरे पर लापरवाही के आरोप लगाए। रोडवेज बस चालक सुमित कुमार ने कहा कि वह नियमों का पालन करते हुए कलायत शहर की तरफ मोड़ ले चुके थे। हिसार की तरफ से आ रही ट्रैवलर ने बस को पीछे से टक्कर मारी। इस स्थिति में सवारियों से भरी बस के साथ कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। उन्होंने मामले में कार्रवाई की मांग की।

ट्रैवलर बस में यात्रा कर रहे रविंद्र बजाज, अशोक कुमार और गुलशन कुमार ने कहा कि परिवार के 26 सदस्य एक विवाह समारोह में जा रहे थे। कलायत के पास अचानक रोडवेज बस चालक ने वाहन को तेज रफ्तार से मोड़ दिया। इसके चलते ट्रैवलर बस बचाव के प्रयासों के बावजूद रोडवेज बस की चपेट में आ गई। यदि उनकी बस चालक वाहन को कंट्रोल न कर पाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। दोनों वाहनों में सवार यात्रियों के साथ-साथ पास से गुजर रहे वाहन हादसे का शिकार हो सकते थे। कलायत एस.एच.ओ. जय भगवान सिह ने बताया कि सूचना मिलते ही तुरंत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना से जुड़े कारणों की जांच जारी है। हादसा किस वजह से हुआ इस संबंध में यात्रियों के साथ-साथ आसपास मौजूद लोगों के बयान लिए जा रहे हैं। शिकायत के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मार्ग पर आवाजाही को सुचारू करवा दिया गया है।



# शीत लहर से बचाव की तैयारियों के सम्बंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक

## शीतलहर, कोहरे व ठण्ड के प्रकोप से ना होने पाए कोई अप्रिय घटनाः जिलाधिकारी

### 26 नवम्बर को मनाया जायेगा संविधान दिवसः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में शीत लहर से बचाव की तैयारियों के सम्बंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहुत हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा तीनों तहसीलों सदर, लोनी और मोदीनगर के एसडीएम'स एवं नगर निगम गाजियाबाद से नगरायुक्त प्रतिनिधि, नगर पालिकाएं,मोदीनगर, मुरादनगर, लोनी, खोड़ा मकनपुर, नगर पंचायतें पतला, निवाड़ी, फरीदनगर, डासना के ईओ सचिव को निर्देशित किया कि जन सामान्य को शीत लहर से बचाने के लिए रैन बसेरों की व्यस्थाओं का जायजा लेते हुए यदि कोई कमी हो तो उसमें सुधार किया जाये। चिन्हित जगहों सहित मुख्य चौराहों जहां आमजन हो या जहां आवश्यकता हो ऐसी जगहों पर अलाव की व्यवस्था की जाऐं। नियमानुसार पात्र लोगों को कम्बल वितरीत किये जायें। माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप शीत लहर के दौरान किसी भी प्राणी को ठंड इत्यादि से सम्बंधित कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने विभागवार मुख्य चिकित्साधिकारी-शीतजनित रोग से निपटने हेतु अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं व्यवस्था। अस्पतालों में रैन बसेरे की व्यवस्था की जाती है, जहाँ मरीजों के परिजन व अन्य लोग रह सकते है। रैन बसेरो में गद्दा, कम्बल, स्वच्छ पेयजल, शौंचालय एंव अलाव इत्यादि की व्यवस्था। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी-शीतजनित रोग से निपटने हेतु पशु अस्पतालों में पर्याप्त दवाओं , टीका की व्यवस्था। गौशालों में पशुओं को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त उपाय किया जाना है। हरा चारा, गुड़ आदि का विवरण , व्यवस्था किया जाना। जिला गन्ना अधिकारी-अत्यधिक ठंड की स्थिति में चीनी मिलों के गेटों पर अलाव जलाये जाने की व्यवस्था, कोहरे के दृष्टिगत रिफ्लेक्टर ,रेडियम पट्टी आदि की





व्यवस्था करना। जिला विद्यालय निरीक्षक , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी- अत्यधिक ठंण्ड व शीतलहर में बेसिक स्कूलों को बन्द करना पड़ सकता है तथा कई स्कूलों को सेल्टर होम के रूप में उपयोग किया जा सकता है। स्कूलों में भी अलाव की व्यवस्था के तहत अध्ययन कार्य जारी रखा जा सकता है। विद्यालयों में ड्रेस कोड लागू किया जाना। जिला अग्निशमन अधिकारी-अत्यधिक ठन्ड व शीतलहर में अग्निकांड की घटनाओं की आशंका अधिक रहती है जिसके लिए पर्याप्त तैयारी। जिला सूचना अधिकारी-सार्वजनिक चिन्हित स्थानों पर जलाये जाने वाले अलाव का स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही उन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाय तथा स्थानीय समाचार पत्रों तथा मीडिया में भी इससे सम्बन्धित सूचनाएं प्रसारित करायी जाय ताकि शासन द्वारा जन सामान्य को ठन्ड से बचाव हेतु किये जा रहे व्यापक उपायों की जानकारी हो सके। स्वयंसेवी संस्था- ठण्ड व शीतलहरी से जन सामान्य को बचाने हेतु सरकारी प्रयासों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं का भी सहयोग अपेक्षित है। उनके द्वारा प्रभावित लोगो को गर्म वस्त्र, कम्बल आदि वितरित किये जाते है तथा अलाव भी जलवाये जाते है। सम्भागीय परिवहन अधिकारी-जनपद की सीमा के अर्न्तगत मुख्य मार्गों एंव विशेषकर दुघर्टनाबाहुल्य क्षेत्रों में सफेद, थर्मोप्लास्टिक पेन्ट द्वारा पट्टियों को दशार्ने, रिफलेक्टर, सोलरकैट साईन एवं डेलिवेटर लगाये जाने का कार्य तथा ग्रामीण एव शहरी क्षेत्रों में कृषि कार्यों में उपयोग में आने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेडियम की पीली पट्टी हो जिससे कि कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण किया जा सके।, हेतु निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्रयहीन व्यक्तियों के लिए रैन बेसरों ,शेल्टर होम नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए है, ताकि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए बाध्य न हो। उन्होंने बताया कि इन रैन बसेरों,शेल्टर होम में रुकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से बचने के लिए आवश्यक समस्त उपाय जैसे गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं किचन आदि का प्रबंध निशुल्क एवं रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी। हर चौराहा का निरीक्षण किया जाए कोई भी व्यक्ति रोड पर सोता हुआ ना मिले, हर व्यक्ति को रेन बसेरा और कंबल की व्यवस्था की जाए। साथ ही गरीब लोगों को चिन्हित कराके उनके लिए कंबल की व्यवस्था की जाए। गौवंशों सहित अन्य पशुओं को ठंड से बचाव हेतु उचित प्रबंध किये जायें। चौराहों एवं सार्वजनिक जगहों पर अलाव के लिए बड़ी लकड़ी का प्रबंध किया जाए जिससे कि उनमें देर तक अग्नि की ताप रह सके। कहा कि शीतरोगों के प्रति स्वास्थ्य विभाग लोगों में जागरूकता लाऐं और बचाव के लिए सुझाव का व्यापक प्रचार प्रसार करें। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान के तहत वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगवाएं। कोई भी विद्यालय बिना अनुमति के ना खोले जाएं। सभी अधिकारी शीत लहर के चलते अपने,अपने कार्य क्षेत्र का निरीक्षण व जांच करते रहे। किसी भी प्रकार से शीतलहर, कोहरे, ठण्ड के प्रकोप से कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटनी चाहिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जायेगा। शासनादेश के मद्देनजर विभागाध्यक्ष कार्यक्रम आयोजित करेंगे। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफ,आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम चन्द्रेश कुमार सिंह, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, डॉ.रविन्द्र, डॉ.मिथलेश नगर निगम, सभी नगर निकायों के अधिकारी सहित सम्बंधित विभाग के विभागाध्यक्ष व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गाजियानाद जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्था में ना हो कोई चूकः जिलाधिकारी






संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी निरीक्षण के उपरांत संतोषजनक दिखाई दिए। इस दौरान महोदय द्वारा सभी कैमरे एवं कमरे पर लगे तालों की सील को चैक किया गया, जिसके उपरान्त उन्होने संबंधित को आदेशित करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाएं, इसके साथ ही सफाई व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाये। निरीक्षण के दौरान एडीएम ई रणविजय सिंह, हरिभानु सीओ, हरिकृष्ण शर्मा एडीईओ, एसीओ विवेक सिंह एवं राजनैतिक पार्टियों में ताहिर हुसैन एवं श्री रमेश चन्द्र यादव सपा, सुभाष चन्द्र शर्मा बीजेपी, मनोज कुमार बसपा, डॉ.नरेन्द्र कुमार शर्मा कांग्रेस सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा एवं तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आहुत

### जिलाधिकारी ने किया राजनैतिक दलों से सहभागिता बढ़ाने तथा बूथ लेविल एजेन्ट्स नियुक्त करने हेतु अनुरोध

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** मतदाता सूची में सुधार एवं शुद्धता हेतु रहें प्रयासरतः जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समीक्षा और तैयारियों के सम्बन्ध में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ बैठक आहुत हुई। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर प्रदेश की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-गाजियाबाद उप निर्वाचन की घोषणा हो जाने के कारण उक्त विधानसभा को




छोड़ा गया था, अब निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के सम्बंध में उक्त विधानसभा में प्रारूप 1 से 8 तक की तैयारी व अर्हता तिथि के रूप में 01.01.2025 के संदर्भ में एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने की तिथि 25,11,2024 से 26,11,2024 है। एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन की तिथि 27,11,2024 है। दावे एव आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 27,11,2024 से 12,12,2024 है। विशेष अभियान तिथियाँ 30,11,2024 व 08,12,2024 है। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 01,01,2025 है। जनपद की सभी विधानसभाओं की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06,01,2025 को किया जाना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि सभी बीएलओ अपने,अपने बूथ की मतदाता सूची में शुद्धता लाने का पूर्ण प्रयास करें। सम्बंधित सुपरवाईजर लगातान उनके द्वारा किये गये कार्यों की जांच करे और सम्बंधित एआरओ सुपरवाईजरों द्वारा किये गये कार्यों की जांच करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा–निदेर्शों के क्रम में राजनैतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने तथा पुनरीक्षण के कार्य में उनका स क्रिय सहयोग प्राप्त करने हेतु बूथ लेविल एजेन्ट्स की व्यवस्था कराने हेतु अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर, साहिबाबाद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा गयी। उन्होने कहा कि किसी भी बीएलओ, सुपरवाईजर एवं एआरओ के स्तर पर कोई भी आवेदन लम्बित ना रहे, साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाये कि मतदाता सूची में शुद्धता रहे। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम श्री चन्द्रेश कुमार सिंह, एसडीएम राजेन्द्र कुमार, सभी एआरओ सहित राजनैतिक पार्टियों में ताहिर हुसैन, रमेश चन्द्र यादव सपा, सुभाष चन्द्र शर्मा बीजेपी, मनोज कुमार बसपा, डॉ.नरेन्द्र कुमारशर्मा कांग्रेस, त्रिफूल सिंह सीपीआई (एम) सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## गाजियाबाद में जनता का नहीं इ वी एम विधायक जीता है सत्यपाल चौधरी

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** संजीव शर्मा अपने दम पर जीतते तो बधाई देता सत्यपाल चौधरी जनता के मुद्दों को लेकर सड़क पर नाक में दम कर दूंगा -- सत्यपाल चौधरी मेरे साथ बेईमानी हुई, सारी वोट भाजपा की इ वी एम खा गई -- सत्यपाल चौधरी गाजियाबाद आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी सत्यपाल चौधरी ने भाजपा पर इ वी एम हैक करके बेईमानी से चुनाब जीतने का आरोप लगाया है. उन्होंने एक प्रेस नोट में मिडिया को बताया कि भाजपा



सरकार ने इ वी एम हैक करके चुनाव जीता है. उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों को लेकर वे सडक पर संघर्ष करेंगे और भाजपा सरकार से सभी मुद्दों पर आँख में आँख डालकर बात करेंगे. भाजपा ने मशीन हैक करके आजाद समाज पार्टी को जान पूछ कर पीछे धकेला. सब जानते हैं हमारा चुनाव प्रचार, मुद्दे और मेहनत. एक दिन हम सांसद और आजाद समाज पार्टी के नेतृत्व में भाजपा की फासिस्ट और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेकेंगे. गाजियाबाद में जल्दी ही गली गली विकास और विजयनगर क्षेत्र में स्कूल अस्पताल, क्रॉसिंग कट, जल भराव, पीने के पाने स्ट्रीट लाइट और पार्को की हालत सुधारने को पद यात्रा शुरू की जाएगी. इ वी एम का जवाब जनता के समर्थन से दिया जायेगा.

## 1965 के युद्ध में एन.सी.सी. ने पकड़े थे 85 पाक कमांडरः ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज में एन.सी.सी. यूनिट का भव्य शुभारंभ

संस्कार उजाला
गाजियाबाद (आशा चौधरी) ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज ने आज अपनी पहली एन.सी.सी. यूनिट का भव्य शुभारंभ किया। कॉलेज की यह एन.सी.सी. यूनिट 37 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी., गाजियाबाद से संबद्ध है। एन.सी.सी. के इस यूनिट में विभिन्न चरणों में 60 छात्रों के लिए यूनिट का गठन किया जाएगा, जिसमें 30 छात्र एवं 30 छात्राएँ शामिल की जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन कर्नल संदीप पांडे ,कमांडिंग ऑफिसर, 37 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी. गाजियाबाद,और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के कर कमलों द्वारा सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मंच पर नायब सूबेदार नरिंदर सिंह, जय प्रकाश (सीनियर असिस्टेंट), कर्मवीर सिंह (सीनियर असिस्टेंट) और नरिंदर सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कर्नल संदीप पांडे ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज के समय में ज्यादा से ज्यादा छात्र एन.सी.सी. जॉइन करना चाहते हैं और एन.सी.सी. भी प्रधानमंत्री की इस इच्छा को लेकर प्रतिबद्ध है कि भविष्य






में एन.सी.सी. कैडेट्स की संख्या 27 लाख तक पहुँच जाए। उन्होंने एन.सी.सी. की महत्ता और कैडेट्स को मिलने वाले प्रमाणपत्रों के बारे में बताया, जो उन्हें एस.एस.बी. और सशस्त्र बलों में सीधे कॉल और प्राथमिकता दिलवाते हैं।एन.सी.सी. की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि 1965 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में पाकिस्तान आर्मी के 85 पाक कमांडो को एन.सी.सी. कैडेट्स ने ही पकड़ लिया था, जो भारतीय सीमा में छिपकर घुस आए थे। आज के समय में हमें एन.सी.सी. की ट्रेनिंग के माध्यम से ऐसे युवाओं को तैयार करना है जो समग्र मूल्यों के साथ समाज की सेवा कर सकें और प्राकृतिक आपदाओं और डिजिटलअरेस्ट जैसी समस्याओं में भी देश के नागरिकों की मदद करके देश की उन्नति और रक्षा में भागीदार बन सकें। उन्होंने एन.सी.सी. के कोर्स विवरण के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि प्रारंभिक 60% कोसे, जिसमें बुनियादी प्राथमिक एन.सी.सी. शिक्षा शामिल है, वह कॉलेज द्वारा किया जाएगा और शेष 40% पाठ्यक्रम, जिसमे हथियार प्रशिक्षण, फायरिंग, ड्रिल्स, रणनीतिक योजना आदि बैटैलियन के द्वारा किए जाएंगे। इस अवसर पर एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) देवेद्र कुमार शर्मा ने NCC के इतिहास के बारे में बताया कि ₹एन.सी.सी. की स्थापना 15 जुलाई 1948 में की गई थी तथा वर्तमान में उत्तर प्रदेश के लगभग 1000 कॉलेजों और 500 स्कूलों में लगभग 17.000 एन.सी.सी कैडेट्स हैं। एन.सी.सी. यूनिट का शुभारंभ ए. बी.ई. एस. कॉलेज की शिक्षण पद्धति में एक और मील का पत्थर है। यह पहल विद्यार्थियों को न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाएगी, बल्कि उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत भी बनाएगी।₹कॉलेज के नुख्य अनुशासक प्रोफेसर आर. आर. पांडा ने एन.सी.सी. यूनिट की स्थापना को कॉलेज की उपलब्धियों में एक ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह छात्रों को न केवल अनुशासन और नेतृत्व सिखाएगी, बल्कि उनमें समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित करेगी। एम.सी.सी. के इस यूनिट के उद्घाटन समारोह में कॉलेज के उपाध्यक्ष सचिन कुमार गोयल, ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. पंकज शर्मा, SEEP हेड संजय पाराशर. और ए.एन.ओ. डॉ. नेहा सिंह, प्रोफेसर तरुण अरोडा (मीडिया प्रभारी) भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज की यह पहल शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के व्यक्तित्व विकास के प्रति इसकी प्रतिवद्धता को दशार्ती है। एन.सी.सी. यूनिट का यह शुभारंभ कॉलेज के विद्यार्थियों को अनुशासन, साहस और नेतृत्व का पाठ पढ़ाते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। प्रो० (डॉ०) तरूण कुम्ममुद्र अरोड़ा मीडिया प्रभारी (डॉ०) देवेन्द्र कुमार शर्मा निदेशक

## गाजियाबाद की कानून व्यवस्था में मील का पत्थर साबित हुए हैं, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्राः संजीव गुप्ता। अपने पिता के सपनों को साकार करते हुए, पुलिसिंग में कायम की है, अजय कुमार मिश्रा ने एक नई मिसाल

संस्कार उजाला
**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)** समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति और वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है। कि वह गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा से अनेकों अवसर पर मुलाकात कर चुके हैं। परंतु जब भी व्यक्तिगत रूप से उनसे बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ है। तब अजय कुमार मिश्रा ने अपने



शालीन और दूरदर्शी व्यक्तित्व से उन्हें प्रभावित किया है। संजीव कुमार गुप्ता ने कहा है कि मुझे ज्ञात है, कि किस तरह उन्होंने ने बचपन से पुलिसिंग को जीते हुए, अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए, एक संस्कारी पुत्र के रूप में अपने पिता के सपनों को पूरा करते हुए 2003 बेंच के आईपीएस अधिकारी बने हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि गाजियाबाद को प्रथम पुलिस कमिश्नर के रूप में एक दूरदर्शी और अनुभवी के साथ साथ संवेदनशील अधिकारी मिला है। 7 साल इंटेलिजेंस ब्यूरो में और अनेकों जिलों में तैनाती के बाद गाजियाबाद में इनका पुलिसिंग नेटवर्क बहुत दुरुस्त रहता है। जिसके चलते आज गाजियाबाद जिले के अपराधियों में उनके नाम का खौफ है।यहाँ का क्राइम रेट घटा है। तथा इतने अनुभव और उच्चपद पर नियुक्ति के बाद भी में स्वयं कमिश्नर साहब की शालीनता और व्यवहार कुशलता का मुरीद हूँ। जिसके फल स्वरुप आज मैंने अपने मन के विचारों को साझा किया है। देश को ऐसे जांबाज और काबिल अधिकारियों की आवश्यकता है। में माता रानी से प्रार्थना करता हूँ कि उनपर सदैव अपनी कृपा बनाये रखें।

## प्रदेश अध्यक्ष शुभम गुप्ता ने विश्वेंद्र चौधरी को युवा जिला अध्यक्ष की कमान थमाई

संस्कार उजाला
**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की अपनी प्रदेश कमेटी का विस्तार करते हुए शुभम गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष ने गाजियाबाद जिले का युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया विश्वेंद्र चौधरी जो की एक स्टील एवं सीमेंट के बड़े व्यापारी हैं भोजपुर स्थित अपने संस्थान पर उन्होंने एक भव्य कार्यक्रम कर यह घोषणा की इसमें अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा के संरक्षक श्री तेजपाल चौधरी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र चौहान प्रदेश अध्यक्ष






शुभम गुप्ता प्रदेश कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद चौधरी राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान महानगर युवा अध्यक्ष दिनेश चिंटू संगठन सलाहकार संजीव अरोड़ा प्रदेश महामंत्री निशांत शर्मा मौजूद रहे साथ के साथ शुभम गुप्ता ने नगर अध्यक्ष मुरादनगर अनिरुद्ध चौधरी के नाम की भी घोषणा की इस समारोह में 100 से 200 व्यापारी मौजूद रहे और सभी ने अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा की व्यापारियों के शोषण के विरुद्ध चल रही है इस मुहिम को बल दिया

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011